गुरुवार
09 नवंबर 2023

# केशव टाइम्स

डिजिटल संस्करण

आपकी आवाज




खेती में रसायन के इस्तेमाल से शरीर पर पड़ रहा बुरा प्रभाव : डॉ अजय 2





**नई दिल्ली।** कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी ने मंगलवार को केदारनाथ मंदिर में दर्शन के दौरान अपने चचेरे भाई और भाजपा सांसद वरुण गांधी से संक्षिप्त मुलाकात की। देश के प्रमुख राजनीतिक परिवार से ताल्लुक रखने वाले दोनों चचेरे भाइयों की मुलाकात ने वरुण गांधी के राजनीतिक भविष्य को लेकर कुछ हलकों में अटकलें शुरू कर दी हैं। वरुण गांधी को हाल के महीनों में भाजपा की प्रमुख बैठकों में नहीं देखा गया है और कई महत्वपूर्ण मुद्दों पर उनकी राय पार्टी से अलग रही है। सूत्रों ने बताया कि गांधी परिवार के दोनों सदस्यों ने पवित्र मंदिर के बाहर संक्षिप्त मुलाकात की और एक-दूसरे का अभिवादन किया।

# कितना दर्भाग्य आया है, देश का... और कितना नीचे गिरोगे: मोदी

**एजेंसी/भोपाल**

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने बिहार विधानसभा में मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के जनसंख्या नियंत्रण पर दिए बयान पर तीखी प्रतिक्रिया दी है। उन्होंने कहा कि इंडी अलायंस के जो नेता सरकार को उखाड़ने के लिए भांति-भांति के खेल खेल रहे हैं, वो विधानसभा में माता-बहनों की मौजूदगी में ऐसी भाषा में भद्दी बातें कर रहे हैं। कोई शर्म नहीं हैं इन्हें। कितना दर्भाग्य आया है, देश का... और कितना नीचे गिरोगे? दुनिया में देश की बेइज्जती करा रहे हो। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने गुरुवार को मध्य प्रदेश के दमोह, गुना और मुरैना में चुनावी सभाओं को संबोधित किया। उन्होंने गुना में नीतीश कुमार का नाम लिए बगैर ही उन पर निशाना साधा।

दरअसल, नीतीश कुमार ने बिहार विधानसभा और विधान परिषद में जनसंख्या नियंत्रण को लेकर ऐसा तर्क दिया कि महिलाएं भी शर्मिंदा हो गई। इस पर मोदी ने तीखी टिप्पणी



की। इस दौरान उन्होंने इंडी गठबंधन पर भी जोरदार हमले बोले। मोदी ने दमोह में कहा कि 2014 से पहले किसी को कुछ पता नहीं चलता था कि देश के प्रधानमंत्री क्या कर रहे हैं, क्या बोल रहे हैं, क्योंकि उनका कोई काम ही नहीं था। वो सरकार रिमोट से चलती थी। कांग्रेस की रिमोट से चलने की आदत जा नहीं रही है। उस समय प्रधानमंत्री रिमोट से चलते थे, अब कांग्रेस अध्यक्ष रिमोट से चलते हैं। मैं कभी-कभी देखता हूं कि जब रिमोट की चार्जिंग खत्म हो गई हो, या कनेक्टिविटी टूट गई हो, तब हमारे कांग्रेस अध्यक्ष खुद के मूड में आ जाते हैं। उनके मुंह से कुछ अच्छी बातें निकल जाती हैं। मैंने कहीं पढ़ा कि वो पांडवों की बात कर रहे थे। जब रिमोट चालू रहता है, तब तो वो सनातन को गालियां देते हैं। रिमोट बंद हो गया तो पांडवों की बात करने लगे। उन्होंने कहा कि भाजपा में पांच पांडव हैं। जब वो सच बोलते हैं, तो कैसी बात मुंह से निकलती है। हमें गर्व है कि हम पांच पांडवों की राह पर चल रहे हैं।

## कांग्रेस मुझे दिन में सौ-सौ बार गालियां देती है

प्रधानमंत्री मोदी ने कहा कि 2014 में जब हमारी सरकार बनी तो सबसे पहले हमने कांग्रेस की भ्रष्ट मशीन के सारे टायर पंचर कर दिए। आधार, मोबाइल और बैंक खाते की ऐसी त्रिशक्ति बनाई कि कांग्रेस की भ्रष्ट मशीन टिक ही नहीं पाई। देशवासियों को वो तारीख आज भी याद है, जब नोटों के गद्दों पर सोने वालों की नींद उड़ गई थी। जब भी वो तारीख आती है, तो कांग्रेस ऐसे बिलबिलाती है, जैसे सबसे ज्यादा काली कमाई उसी को बैंक में पड़ी हो। भ्रष्टाचार पर कड़ी कार्रवाई करने के लिए कांग्रेस मुझे दिन में सौ-सौ बार गालियां देती है।

## युवा पीढ़ी को कांग्रेस से सावधान रहने की जरूरत

मोदी ने कहा कि केंद्र सरकार करोड़ों रुपये गरीबों के लिए मध्यप्रदेश भेज रही है। मजाल है कि कोई पंजा बीच में से पैसे लूटकर चला जाए। पैसा लोगों के बैंक खातों में आया और वह पंजा कुछ नहीं कर पाया। अगर प्रदेश में गलती से भी कांग्रेस की सरकार बन जाती है, तो हर काम में 85 प्रतिशत कमीशन तय है। यह उनके प्रधानमंत्री तय करके गए हैं। फिर न विकास होगा और न ही कोई काम होगा। कांग्रेस फिर से मध्य प्रदेश को बीमारू राज्य बना देगी। इसलिए आज की युवा पीढ़ी को कांग्रेस से बहुत सावधान रहने की जरूरत है।

### जनसंख्या नियंत्रण पर सीएम के दिए गए बयान की देशभर में विरोध-प्रदर्शन

# विवादित बयान के बाद नीतीश बोले, शर्म महसूस कर रहा हूं, मैं अपनी निंदा करता हूं

- भाजपा के नेताओं ने सीएम नीतीश का विधानसभा परिसर में किया घेराव, उन्हें सदन में जाने से रोका
- नेता प्रतिपक्ष विजय सिन्हा ने कहा कि मुख्यमंत्री की मेमेरी लॉस हो चुकी है, उनका मेडिकल जांच होना चाहिए, उन्हें इस्तीफा देना चाहिए

**केटी न्यूज/पटना**

मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के जनसंख्या नियंत्रण पर दिए गए बयान को विधानसभा में माफी मांगी है। भारतीय जनता पार्टी के नेताओं ने पहले विधानसभा परिसर में सीएम नीतीश का घेराव किया। उन्हें सदन के अंदर नहीं जाने दिया। इसके बाद सीएम नीतीश कुमार विधान परिषद के रास्ते सदन में गए। इस दौरान सीएम नीतीश कुमार ने मीडिया के सामने अपने बयान पर माफी मांगी। लेकिन, भाजपा विधायक नहीं माने और विधानसभा में हंगामा करने लगे। नेता प्रतिपक्ष विजय कुमार सिन्हा सीएम नीतीश कुमार के इस्तीफा की मांग पर अड़ गए।

इसके बाद सीएम नीतीश कुमार ने कहा कि मैं तो स्त्री शिक्षा के फायदे बता रहा था। बताया था कि कैसे लड़कियां पढ़-लिख गईं तो जन्मदर में कमी आयी। मैंने जो बात कही, वह सही थी। लेकिन, इसकी चूंकि निंदा की जा रही है और लोगों को लग रहा है कि मैंने गलत बात की या गलत तरीके से कहा है तो मैं माफी मांगता हूं। अपनी बात वापस लेता हूं। मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने बुधवार को बिहार विधानमंडल में प्रवेश के साथ पहले मीडिया के सामने आकर यह बात कही। सीएम नीतीश कुमार ने सदन के अंदर कहा कि अगर मेरी किसी बात को लेकर तकलीफ हुई है तो मैं अपनी बात वापस लेता हूं। मैं दुख प्रकट कर रहा हूं। मैं अपनी निंदा करता हूं। मेरी किसी शब्द के चलते किसी तो



तकलीफ हुई है तो आप कह रहे हैं कि मुख्यमंत्री शर्म करें। मैं न सिर्फ शर्म कर रहा हूं बल्कि दुख भी प्रकट करता हूं। लेकिन, आप लोग जान लीजिए महिलाओं के लिए बिहार में बहुत काम हो रहा है। आरक्षण को लेकर इतना काम हो रहा है। उधर नीतीश कुमार बोल रहे थे-बीजेपी वाले नारा लगा रहे हैं कि मुख्यमंत्री शर्म करो। नीतीश के भाषण के दौरान भी सदन में भारी हंगामा और शोर शराबा होता रहा। इसके बाद विधानसभा अध्यक्ष अवध बिहारी चौधरी ने सदन की कार्यवाही दो बजे दिन तक के लिए स्थगित कर दी।

**सुशील मोदी ने पूछा- क्या विधानमंडल में सेक्स एजुकेशन का क्लास चल रहा था:** वहीं राज्यसभा सांसद ने कहा कि सीएम नीतीश कुमार ने बी ग्रेड और मूर्खतापूर्ण बयान दिया है। क्या विधानमंडल में सेक्स एजुकेशन का क्लास चल रहा था। उन्हें इस्तीफा देकर अतिपिछड़ा को मुख्यमंत्री बना दिया जाना चाहिए। वह जिस तरह से महिलाओं पर टिप्पणी कर रहे हैं, वह उनके मानसिक दिवालियेपन को दर्शाता है। सुशील मोदी ने कहा कि सीएम नीतीश कुमार ने पहली बार ऐसा बयान नहीं दिया है, इससे पहले भी वह कई बार महिलाओं का अपमान कर चुके हैं।

## नीतीश कुमार की मानसिक हालत ठीक नहीं: सम्राट चौधरी

बिहार विधानसभा के शीतकालीन सत्र के दौरान मंगलवार को दोनों ही सदनों में प्रजनन दर पर चिंता जताते हुए मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने ऐसी बात कह दी कि सदन में मौजूद महिला सदस्य शर्मसार हो गईं। मामले ने तूल पकड़ा तो मुख्यमंत्री ने अपने बयान के लिए माफी मांगी और कहा कि वे शर्मसार हैं। बिहार बीजेपी के प्रदेश अध्यक्ष सम्राट चौधरी ने कहा है कि मुख्यमंत्री की मासिक हालत ठीक नहीं है और उनका मेडिकल टेस्ट कराना जरूरी है। सम्राट चौधरी ने कहा है कि यह अत्यंत ही दुर्भाग्यपूर्ण है कि जिस तरह से नीतीश कुमार ने कहा कि उन्हें अगले दिन पता चला कि उन्होंने सदन में कल क्या बोला था। ऐसे हालात में जब सीएम को कुछ याद नहीं रहता है उनका मेडिकल चेकअप कराना चाहिए। 12 घंटे के बाद अगर किसी मुख्यमंत्री को पता चले कि वे क्या बोले हैं इससे बड़ा शर्मसार करने वाली कोई बात नहीं हो सकती है। सदन में हाथ जोड़कर उनसे आग्रह किया था कि आप गार्जियन हैं बिहार के मुख्यमंत्री हैं, इस तरह का बयान नहीं दें लेकिन मुख्यमंत्री रूके नहीं और बोलते रहे।

## मानसिक रोगी हैं नीतीश उनका इलाज जरूरी: चिराग

विधानसभा सत्र के दौरान नीतीश कुमार की बातों से राष्ट्रीय ही नहीं अंतरराष्ट्रीय स्तर पर बिहार और बिहारी को अपमानित होना पड़ा है। लोगों ने जिस तरह से मुझे फोन कर मुख्यमंत्री की तरफ से दिए गए बयानों के बारे में कहा मुझे उससे बहुत लज्जा हुई। उनके बयान से बिहार के छवि को जिस तरह नुकसान पहुंचा है उसकी भरपाई करताना संभव नहीं है। यह बातें लोजपा (रामविलास) के राष्ट्रीय अध्यक्ष चिराग पासवान ने कही है। चिराग ने कहा कि विधानसभा और विधानपरिषद में सीएम के बयान से पूरे देश में बिहार के लोग बदनाम हुए हैं। चिराग पासवान ने सीएम नीतीश कुमार को इशारों - इशारों में मानसिक रोगी करार देते हुए कहा कि - सीएम नीतीश कुमार का मानसिक और शारीरिक स्वास्थ्य सही नहीं हैं। उनका इलाज करवाना बहुत जरूरी है।

## गलती से मुंह से निकल गया माफी मांगे हैं: राबड़ी देवी

विधानसभा में मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के दिए गए विवादित बयान पर बिहार की पहली महिला सीएम से सवाल किया गया तो उन्होंने कहा कि गलती से मुहं से निकल गया होगा, वैसा कुछ वो बोलना नहीं चाहते थे। इसके लिए इतना बवाल नहीं मचाना चाहिए माफी मांगे हैं तो माफ कर देना चाहिए।

**सीएम के विवादित बोल:** आपको बताते चलें कि, इससे पहले नीतीश कुमार ने प्रजनन दर पर चर्चा करते हुए हाथों से कुछ इशारे किए और कहा, ? हम चाहते हैं लड़की पढ़ाई करे। जब शादी होगा लड़का-लड़की में, तो जो पुरुष है वो तो रोज रात में करता है ना... तो उसी में और पैदा हो जाता है। और लड़की पढ़ लेती है तो उसको मालूम रहेगा कि ऊ करेगा ठीक है, लेकिन अंतिम में भीतर मत डालो उसको बाहर कर दो। उसी वजह से संख्या घट रही है।

## नेता प्रतिपक्ष बोले- मुख्यमंत्री सदन में बैठने योग्य नहीं है

नेता प्रतिपक्ष विजय सिन्हा ने कहा कि मुख्यमंत्री मेमेरी लॉस हो चुकी है। उनकी याददाश्त कमजोर हो चुकी है। उनका मेडिकल जांच होना चाहिए। मुख्यमंत्री सदन में बैठने योग्य नहीं है। उन्हें फौरन इस्तीफा दे देना चाहिए। वह सदन और बिहार की गरिमा को धूमिल कर रहे हैं। बिहार की मां बहने और सदन में बैठे विधायकों का सिर शर्म से झुक चुका है।

# आईआईटी बीएचयू के नाराज छात्र-छात्राएं फिर बैठे धरने पर




**एजेंसी/वाराणसी**

आईआईटी बीएचयू के विद्यार्थी बुधवार को फिर सड़कों पर उतर आए। साथी छात्रा के साथ छेड़खानी मामले में अब तक आरोपितों की गिरफ्तारी न होने से नाराज छात्र-छात्राएं निदेशक कार्यालय के बाहर धरने पर बैठ गए। धरनारत छात्राएं सेव माई डिग्निटी, सेव डॉटर, बिटिया से पीड़िता कब तक जैसे हाथ से लिखी तख्तिया लहराते हुए आरोपितों की गिरफ्तारी की मांग को लेकर मुखर रहे।

उल्लेखनीय है कि आईआईटी बीएचयू कैंपस में बीते एक नवम्बर को रात डेढ़ बजे दोस्त के साथ घूम रही एक छात्रा से बाइक सवार तीन युवकों ने बदसलूकी और छेड़खानी किया। इसके बाद पिस्टल दिखा छात्रा का निर्वस्त्र वीडियो भी बनाया। घटना के बाद बदमाश छात्रा और उसके साथी को धमकाते हुए फरार हो गए।

## झारखंड एटीएस ने आईएसआईएस के दो कथित ऑपरेटिव को किया गिरफ्तार

**रांची।** झारखंड के आतंकवाद निरोधक दस्ता ने बुधवार को आईएसआईएस के दो कथित ऑपरेटिव को गिरफ्तार किया। पुलिस ने बताया कि एक को गोड्डा और दूसरे को हजारीबाग से पकड़ा गया है। एटीएस ने बयान जारी कर कहा कि एरीज हसनैन और मोहम्मद नसीम के रूप में इनकी पहचान हुई है। एटीएस ने खुलासा किया कि एरिज आईएसआईएस की विचारधारा सोशल मीडिया के जरिए फैलाकर लोगों को अपने साथ जोड़ने की कोशिश करता है. वो फिलिस्तीन जाना चाहता था। फिर अल अक्सा मस्जिद पर फिदायीन हमला करना उसका मकसद था। दरअसल, इस समय फिलिस्तीन के चरमपंथी संगठन हमास और इजरायल के बीच जंग चल रही है। एटीएस ने बताया कि एरिज के फोन की जांच करने पर पता चला कि मोहम्मद नसीम नाम का दूसरा शख्स भी आईएसआईएस से जुड़ा है।




### भारत के सभी बड़े प्राचीन मंदिरों की पुण्यगाथा बताएगा अयोध्या का मंदिर संग्रहालय

# अयोध्या में श्रीराम ही नहीं देशभर के मंदिरों के होंगे दर्शन

- मंदिरों का इतिहास, वास्तुकला और सनातन धर्म की मूलभूत अवधारणा के होंगे दर्शन
- देश की प्रसिद्ध वास्तुकार वृंदा सुमाया की देखरेख में तैयार होगा संग्रहालय

**केटी न्यूज ब्यूरो/लखनऊ**

श्रीराम जन्मभूमि पर निमार्णाधीन भव्य मंदिर तेजी से आकार ले रहा है। आगामी 22 जनवरी को पांच शताब्दी बाद भगवान श्रीराम अपने नव्य-भव्य मंदिर में विराजमान होंगे। देश ही नहीं दुनियाभर में फैले करोड़ों सनातनियों की आस्था भगवान श्रीराम के मंदिर से जुड़ी है। माना जा रहा है कि श्रीराम मंदिर के उद्घाटन के बाद अयोध्या में श्रद्धालुओं की संख्या में अप्रत्याशित इजाफा होगा। आस्थावान अपने प्रभु श्रीराम के मंदिर में दर्शन करने पहुंचेंगे। इसे देखते हुए योगी सरकार अयोध्या को सर्वसुविधायुक्त शहर के रूप में डेवलप कर रही है। वहीं मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के ड्रीम प्रोजेक्ट के रूप में अयोध्या में मंदिर संग्रहालय के निर्माण को लेकर भी कवायद तेज हो गई है। इस संग्रहालय के आकार लेते ही अयोध्या में केवल श्रीराम का भव्य मंदिर ही आस्थावानों के केंद्र में नही होंगा, बल्कि मंदिर संग्रहालय के जरिए भारत के सभी प्राचीन बड़े मंदिरों के दर्शन भी अयोध्या में हो सकेंगे।

सनातन धर्म के गौरव को पुनर्प्रतिष्ठापित करने का महाअभियान मोदी-योगी सरकार में तेज गति से आगे बढ़ रहा है। इसी कड़ी में योगी सरकार देशभर के मंदिरों की गौरवगाधा को प्रदर्शित करने वाला विशाल संग्रहालय बनाने जा रही है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के निर्देश पर मंदिर संग्रहालय का निर्माण प्रभु श्रीराम की नगरी आयोध्या में किया जाना है। सरयू किनारे तकरीबन 50 एकड़ में बनने वाले मंदिर संग्रहालय के लिए जमीन की तलाश तेज हो गई है। इस भव्य मंदिर संग्रहालय का निर्माण देश की मशहूर वास्तुकार वृंदा सुमाया की देखरेख में होगा। हाल ही में सुमाया और उनकी टीम ने सरयू तट पर जमथरा में चिह्नित तीन स्थलों और रामपुर हलवारा में चिह्नित एक स्थल का जायजा लिया है। इन चिह्नित स्थलों में से एक स्थल का चयन मंदिर संग्रहालय के निर्माण के लिए किया जाएगा।

**युवा पीढ़ी को मंदिरों की उपयोगिता बताएगी योगी सरकारः** भारतीय मंदिरों का महात्म्य और उनकी शानदार वास्तुकला को दशार्ने वाले इस विशिष्ट संग्रहालय का निर्माण करने के पीछे योगी सरकार की मंशा है कि इनके जरिए सनातन संस्कृति के महत्व से दुनिया खासकर युवाओं को परिचित कराया जाए। किसी मंदिर का किसी खास स्थान पर क्यों निर्माण हुआ और उनके निर्माण के पीछे का दर्शन क्या रहा, इसके बारे में युवा पीढ़ी को अवगत कराने के उद्देश्य से ही अयोध्या में मंदिर संग्रहालय का निर्माण होगा। इसमें प्राचीन भारत की टेक्नोलॉजी के साथ ही पूजा-पद्धति और उनके महत्व को सामने लाया जाएगा। मंदिरों साथ ही विकसित हुए प्राचीन भारतीय शैक्षणिक संस्थान, जिसमें मठ और पीठम शामिल हैं, मंदिरों की उत्कृष्ट वास्तुशैलियों को प्रदर्शित किया जाएगा। इस संग्रहालय के जरिए भारतीय मंदिरों की बेमिसाल स्थापत्य विरासत से दुनिया को परिचित कराया जाएगा।

**मंदिरों का संपूर्ण दर्शन 12 दीघाओं में दिखेगाः** मंदिर संग्रहालय 12 दीघाओं में विभाजित होगा। ये दीघाएं अपनी सहज कलात्मकता से आगंतुकों को मंत्रमुग्ध कर देंगी। ये दीघाएं मंदिरों के वैज्ञानिक और दार्शनिक पहलू के साथ ही गर्व और श्रद्धा की भावना भी जगाएंगी। इनमें सनातन धर्म में भगवान की अवधारणा, पूजा पद्धति के पीछे छिपा दर्शन, पूजा-अर्चना के लिए मंदिरों की जरूरत आदि दीर्घाओं का निर्माण होगा।

## खबरें फटाफट

### पत्नी से झगड़ा के बाद फंसी लगा खुदकुशी की कोशिश, पटना रेफर

**आरा।** कोईलवर थाना क्षेत्र के सुरौंधा कॉलोनी में बुधवार की सुबह पत्नी से झगड़ा करने के बाद एक युवक द्वारा खुदकुशी की कोशिश की गयी। उस दौरान वह तार के सहारे पंखे की कुंडी से लटक गया। हालांकि उसकी पत्नी ने देख लिया, जिसके बाद उसे इलाज के लिए अस्पताल लाया गया। उसकी हालत गंभीर बनी है, जिसे पटना रेफर कर दिया गया है। उक्त युवक सुरौंधा कॉलोनी निवासी जोधा महतो का पुत्र रुदल महतो है। उसकी पत्नी सविता देवी ने बताया कि वह प्रतिदिन शराब पीते हैं।? घर में खर्च के लिए पैसा नहीं देते हैं। बुधवार की सुबह उसी बात को लेकर दोनों के बीच तीखी नोक झोंक हुई। उसके बाद वह आंगन से तार उठा अपने कमरे में गए और दरवाजा बंद कर पंखे से लटक कर फांसी लगा ली। उसे देख वह चिल्लाने लगी। उसकी आवाज सुन आसपास के लोग आए और कमरे का दरवाजा तोड़ उसे पंखे से नीचे उतारा। उसके बाद इलाज के लिए सदर अस्पताल ले जाया गया। वहां प्राथमिक उपचार करने के बाद उसकी हालत को चिंताजनक देखते हुए पटना रेफर कर दिया गया।

### कुआं में डूबने से एक मासूम बच्ची की मौत

**जहानाबाद।** काको प्रखंड के डेढ़सैया पंचायत अंतर्गत धर्मपुर गांव में कुआं में डूबने के कारण एक मासूम बच्ची की मौत हो गई, जिसके बाद पूरा गांव में मातम छा गया मृत मासूम को देखने ग्रामीणों की भीड़ इकट्ठा हो गई मृतक उत्तर प्रदेश के अमरोहा जिला निवासी निवासी तीन वर्षीय यशोदा कुमारी थी जो अपने पिता के मौत के बाद अपने नाना अशोक पंडित के घर धारपुर में ही रहती थी, आज दोपहर मासूम अचानक लापता हो गई जिसके बाद परिजन खोज बिन करने लगे घंटो की खोज बिन के दौरान जब गांव के लोगों ने अनहोनी की आशंका में जब कुंए में देखा तो पाया की मृतक का शव पानी में उतरा रहा था जिसके बाद चीख पुकार मच गई।

# यज्ञ देखकर लौटने के दौरान युवक को मां के सामने मारी गयी थी गोली, 08 पर केस

**रोहित हत्याकांड**

- भाई के बयान पर दर्ज करायी गयी प्राथमिकी, धरपकड़ में जुटी पुलिस कर रही छापेमारी
- पूर्व में मारे गये रिटायर फौजी की पत्नी पर ललकारने और बेटे सहित अन्य पर गोली मारने का आरोप

**केटी न्यूज/आरा**

गजराजगंज ओपी क्षेत्र के कारीसाथ गांव में मंगलवार को यज्ञ देख कर लौट रहे रोहित कुमार सिंह उर्फ लाला को उसकी मां के सामने गोली मार दी गयी थी। यज्ञ देख कर घर लौटने के दौरान उसके गौशाला से कुछ दूरी पर ही गोली मारी गयी थी। उसे नजदीक से पांच गोलियां मारे जाने की बात कही जा रही है। हत्या को लेकर दर्ज प्राथमिकी में यह आरोप लगाया गया है। रोहित कुमार सिंह के बड़े भाई उदय कुमार सिंह के बयान पर गांव के आठ लोगों के खिलाफ केस किया गया है। उसमें स्व, राम प्रकाश सिंह के पुत्र आयुष सिंह, उनकी पत्नी, गांव के ही अशोक सिंह, उनके पुत्र शुभम सिंह उर्फ मांझिल, आशीष सिंह उर्फ घुटुर, जय प्रकाश सिंह, पत्नी रीमा देवी और जय प्रकाश सिंह की पत्नी को नामजद किया गया। उनमें स्व. राम प्रकाश सिंह की पत्नी पर ललकारने जबकि आयुष सिंह और शुभम सिंह पर गोली मारने का आरोप लगाया गया है।

प्राथमिकी में उदय कुमार सिंह की ओर से कहा गया है कि गांव में उनके गौशाला से कुछ दूरी पर स्थित मठिया में यज्ञ हो रहा है। सोमवार को उनका भाई रोहित कुमार सिंह अपनी मां यज्ञ देखने गया था। वह अपने गौशाला के पास खड़े थे। करीब तीन उनका भाई मां के साथ देख घर लौट रहा था। तभी मठिया के गेट के पास सभी आरोपितों ने दोनों को घेर लिया और उसकी मां का हाथ पकड़ कर को खींचने लगे। उस दौरान स्व. राम प्रकाश सिंह की पत्नी और जय प्रकाश सिंह एवं उनकी पत्नी द्वारा गोली मारने के लिए ललकारा जाने लगा। तब शुभम सिंह, आयुष सिंह और आशीष सिंह द्वारा फायरिंग की जाने लगी। उसी क्रम में आयुष सिंह और शुभम सिंह द्वारा काफी नजदीक से उनके भाई को ताबड़तोड़ गोली मार दी गयी। उसके बाद सभी फायरिंग करते भाग गये। उस दौरान उन्हें भी धमकी दी गयी।

प्राथमिकी दर्ज करने के बाद पुलिस आरोपितों की धरपकड़ में जुटी है। उसे लेकर एसपी की ओर से गठित टीम द्वारा लगातार छापेमारी की जा रही है। उस क्रम में ओपी इंचार्ज हरि प्रसाद शर्मा द्वारा आरोपितों के घर सहित अन्य ठिकानों पर छापेमारी की गयी। हालांकि अभी तक किसी की गिरफ्तारी की सूचना नहीं है। वहीं पुलिस गिरफ्तारी नहीं होने पर कुर्की की भी तैयारी में है। बता दें कि मंगलवार की शाम कारीसाथ गांव में ओमकार सिंह के पुत्र रोहित कुमार सिंह की गोली मार हत्या कर दी गयी थी। इलाज के लिए पटना ले जाने के दौरान उसकी मौत हो गयी थी। उसके बाद एसपी प्रमोद कुमार यादव की ओर से आरोपितों की गिरफ्तारी को लेकर टीम गठित कर दी गयी है। कारीसाथ गांव निवासी राम प्रकाश सिंह की हत्या के प्रतिशोध में वारदात को अंजाम दिये जाने की बात कही जा रही है। राम प्रकाश सिंह की पिछले साल मार्च में हत्या कर दी गयी थी। उसमें रोहित सिंह आरोपित था और जेल भी गया था। पिछले साल दिसंबर में ही वह जमानत पर रिहा किया गया था।

### दो बार पिस्टल बेच चुका था विक्की, तीसरी बार में पकड़ाया

**आरा।** नवादा थाना क्षेत्र के अनाइठ मोहल्ले के पास हथियार तस्करी के मामले में प्राथमिकी दर्ज करा दी गयी है। उसमें गिरफ्तार अंतरराज्यीय हथियार तस्कर विक्की तिवारी सहित दो को आरोपित किया गया। दूसरा आरोपित चरपोखरी थाना क्षेत्र के कोयल गांव निवासी लवकुश है। सूत्रों के अनुसार पुलिस द्वारा लवकुश को भी गिरफ्तार कर लिया गया है। उससे पूछताछ की जा रही है। हालांकि इसकी आधिकारिक पुष्टि नहीं हुई है। गिरफ्तार विक्की तिवारी मूल रूप से शाहपुर थाना क्षेत्र के बरीसवन गांव का रहने वाला है। वह बीएसएफ के फर्जी परिचय पत्र और वर्दी की आड़ में हथियार की तस्करी करता है। वह पूर्व में लवकुश को दो पिस्टल की सप्लाई कर चुका है। सोमवार को भी वह उसी को हथियार देने वाला था। उसके लिए बाइक से चप्पल के डब्बे में हथियार व गोलियों की खेप लेकर पहुंचा था। तभी पुलिस को भनक लग गयी थी। उसके बाद एसटीएफ की मदद से नवादा थाने की पुलिस ने उसे गिरफ्तार कर लिया था। दर्ज प्राथमिकी के अनुसार सोमवार को सूचना मिली थी कि विक्की तिवारी बाइक से हथियार और गोलियों की खेप लेकर अनाइठ मठिया स्थित दुर्गा मंदिर के पास आ रहा है। उस आधार पर पुलिस द्वारा अनाइठ मठिया के पास वाहन चेकिंग शुरू की गयी। तब पुलिस को देख काले रंग की अपाची बाइक सवार एक युवक भागने लगा। हालांकि पुलिस द्वारा उसे खदेड़ कर पकड़ लिया गया। पूछताछ में उसने अपना नाम विक्की तिवारी और गांव शाहपुर के बरीसवन बताया। तलाशी के दौरान उसकी बाइक में टंगे झोले में मैगजीन लगा एक पिस्टल, अलग-अलग एमएम की 98 गोलियां, एक मैगजीन और एक मोबाइल बरामद किया गया।

**औरंगाबाद के गोह थाना क्षेत्र का मामला, एक देसी कट्टा और फोन बरामद**

# दुकानदार को जान से मारने की धमकी देने के तीन आरोपित चढ़े पुलिस के हत्थे



- अनिल कुमार गुप्ता नाम के एक व्यवसायी ने दर्ज कराई थी प्राथमिकी
- आरोपियों ने उसकी दुकान पर जाकर कट्टा लहरा जान से मारने की धमकी देने के साथ गाली- गलौज की थी

**केटी न्यूज/औरंगाबाद**

दुकानदार को जान से मरने की धमकी देने वाले तीन आरोपित को गोह पुलिस ने धर दबोचा है। इनके पास से एक देसी कट्टा एवं एक मोबइल फोन बरामद किया गया। मामला गोह थाना क्षेत्र अंतर्गत का है। पकड़े गए आरोपियों में थाना क्षेत्र के राजपुतान बेला निवासी 35 वर्षीय मनोज मिस्त्री एवं तुलसी बिगहा निवासी 50 वर्षीय सर्वेश चंद्रवंशी एवं 54 वर्षीय अवधेश मिस्त्री शामिल हैं। इनके विरुद्ध अनिल कुमार गुप्ता ने प्राथमिकी दर्ज कराई थी जिसमें बताया कि आरोपियों ने उसकी दुकान पर जाकर कट्टा लहराते हुऐ जान से मारने की धमकी देने के साथ गाली- गलौज की थी। जांच पड़ताल में मामले की पुष्टि की गई जिसमें पुलिस ने दबिश देकर तीनों आरोपियों को बुधवार को गिरफ्तार कर लिया।

थानाध्यक्ष कमलेश पासवान ने बताया कि आरोप के अधार पर मामले की छानबीन की गई जिसमें तीनों आरोपित पकड़े गए, इनके पास से एक देसी कट्टा तथा एक मोबाईल फोन बरामद किया गया है। पूछताछ में आरोपियों ने घटना कारित किये जाने की बात स्वीकार की है। इसके बाद पकड़े गए अभियित्को के विरुद्ध आवश्यक कार्रवाई के उपरांत जेल भेज दिया गया।

## आपसी विवाद में पत्नी ने कर ली आत्महत्या, भाई ने लगाया हत्या का आरोप, पुलिस कर रही जांच

**केटी न्यूज/औरंगाबाद**

दंपत्ति के विवाद में पत्नी ने गले में फांसी का फंदा डालकर आत्महत्या कर लिया। लेकिन मृतिका के भाई ने हत्या का आरोप लगाया है। फिलहाल घटना को लेकर पुलिस तहकिकात कर रही है। वहीं शव का पोस्टमार्टम के लिए सदर अस्पताल भेज दिया गया है। मामला औरंगाबाद जिले के मदनपुर थाना क्षेत्र के महुआवां टोले टिकरी पोखरा की हैं। महिला की पहचान उस गांव निवासी रोहन चौधरी की 29 वर्षीय पत्नी मंजू देवी के रूप में हुई है। जानकारी के अनुसार दंपत्ति के बीच बुधवार की सुबह मामूली कहा-सुनी हुई थी, इसके बाद परिवार के सभी सदस्य कृषि कार्य के लिए खेत पर चले गए, तभी महिला ने दुपट्टा से फंदा लगाकर आत्म हत्या कर ली। इस घटना की जानकारी परिजनों को गांव की एक महिला द्वारा दी गई जिसकी सूचना पर पहुंचे परिजनों ने महिला को फंदे उतारा। वहीं घटना की जानकारी पुलिस को दी गई, जिसके आलोक में पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर मामले की तहकीकात कर रही है।



महिला की जेठानी मीना देवी एवं सास धनवंतरी देवी ने बताया कि मंजू मंगलवार को अपने मायके से लौटी थी, इसी क्रम में पति से मामूली नोक - झोंक हुई और उसने परिजनों की अनुपस्थिति में आज इस तरह का कदम उठाया। उसकी दो बेटियां 3 वर्षीय प्रीति कुमारी एवं 5 वर्षीय खुशबु कुमारी हैं। घटना के वक्त उसने दोनों बेटियों को उसने दुकान में कोई सामग्री लेने के लिए भेजी थी और खुद दुपट्टा से फंदे पर झूल गई। दुकान से वापस लौटे बच्चें रोने लगे तो आस-पास की महिलाएं आई तब घटना की जानकारी परिजनों को मिली। हालांकि महिला के भाई विनोद चौधरी ने मामले में हत्या का आरोप लगाया है। फिलहाल स्थानीय थाने के वरीय अवर निरीक्षक सूर्यवंश सिंह घटना के दोनों पक्षों की जांच पड़ताल कर रहे हैं। इस दौरान महिला के गले पर यथा हाथ पर खरोंच के निशान मिले हैं।

## एक नजर

### प्रदेश में दलितों एवं वंचितों का बढ़ा आरक्षण प्रतिशत, पूर्व मंत्री ने सीएम के प्रति जताया आभार

**औरंगाबाद।** बिहार सरकार के पूर्व मंत्री एवं राष्ट्रीय जनता दल के प्रदेश उपाध्यक्ष डॉ. सुरेश पासवान ने कहा है कि मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के द्वारा जातिय गणना की रिपोर्ट बिहार विधानसभा में पेश किया गया। जिसमें जातिय गणना के साथ-साथ आर्थिक, समाजिक, शैक्षणिक एवं किन वर्गों में कितनी गरीबी है उसका आंकड़ा प्रस्तुत किया गया। मुख्यमंत्री ने आंकड़ों के आधार पर अनुसूचित जाति-जनजाति के आरक्षण की सीमा 17 प्रतिशत से बढ़ाकर 22 प्रतिशत,पिछड़े अति - पिछड़े वर्गो के आरक्षण की सीमा 28 प्रतिशत से बढाकर 43 प्रतिशत करने का ऐलान किया है। वहीं सामान्य वर्ग के आर्थिक रूप से कमजोर लोगों के लिए 10 प्रतिशत आरक्षण बरकरार रखा गया है। जो 2019 में लागू किया गया था। डॉ. पासवान ने कहा कि बिहार में अब आरक्षण का दायरा 50% से बढ़ाकर 75% किया गया जो एक ऐतिहासिक कदम है। इसके अलावा बिहार सरकार के द्वारा सभी वर्ग के गरीबों की आर्थिक स्थिति ठीक करने के लिए प्रति परिवार दो लाख रुपए का आर्थिक मदद दिया जाएगा। साथ ही भूमिहीन परिवारों को आवास निर्माण हेतु जमीन खरीदने के लिए साठ हजार से बढ़ाकर एक लाख रुपए दिए जाएंगे। वहीं एक लाख बीस हजार रुपए आवास निर्माण हेतु मिलता रहेगा। डॉ. पासवान ने इन सारी घोषणाओं के लिए बिहार सरकार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार एवं उप मुख्यमंत्री तेजस्वी प्रसाद यादव सहित पुरे मंत्री परिषद् के सदस्यों को बिहार के तेरह करोड़ जनता जनार्दन के तरफ से बधाई एवं आभार व्यक्त किया है। उन्होंने कहा कि आपने खांटी बिहारी होने का परिचय देते हुए सबों के लिए बढ़-चढ़कर बहुत कुछ देने का काम किया है। वहीं न्याय के साथ विकास के मूलमंत्र को बिहार के सरजमीं पर उतारने का ऐतिहासिक फैसला लिया है।

### भाकपा माले ने निकाला जुलूस, कहा- भारत सरकार विदेश नीति को गिरवी रखना बंद करे




**जहानाबाद।** फिलिस्तीन में जारी जनसंहार इजराइल तत्काल बंद करो। अमेरिका इजराइल का सैन्य समर्थन नहीं,शांति की पहल करो। मोदी सरकार अमेरिका इजरायल परस्ती बंद करो। गाजा में तत्काल युद्ध बंद करो। मोदी सरकार विदेश नीति गिरवी रखना बंद करो। उक्त नारे के आलोक में राज्यव्यापी कार्यक्रम के तहत वाम दलों की ओर से बुधवार को जहानाबाद में मल्हचक मोड़ से जुलूस निकालते हुए स्टेशन परिसर में सभा की गई। सभा में भाकपा माले के जिला सचिव रामाधार सिंह, राज्य कमेटी सदस्य श्रीनिवास शर्मा, जिला कमेटी सदस्य विनोद कुमार भारती, उदय कुमार, सत्येंद्र रविदास सहित माले के दर्जनों कार्यकर्ता शामिल थे। नेताओं ने उक्त नारे के आलोक में फिलिस्तीन पर इसराइली हमले बंद करने की चेतावनी दी साथ ही साथ इसराइल के साथ अमेरिका की पक्षधर्ता को समाप्त करने की भी बात कही। कहा कि अब तक इसराइल ने युद्ध के सारे नीतियों को तोड़ते हुए फिलिस्तीन पर हमला जारी रखे हुए हैं आज हमला का 32वां दिन है इसने नीतियों को तोड़ते हुए लगातार शांति शिविर पर ,बच्चों के स्कूल पर, तथा महिलाओं पर हमले जारी रखे हुए हैं, नेताओं ने यह भी कहा भारत सरकार विदेश नीति को गिरवी रखना बंद करे तथा मोदी सरकार अमेरिका इजरायल स्त्रप्रस्ति को बंद करें। आज दुनिया दो भागों में बट गई है एक भाग जिसमें दुनिया के तमाम खाड़ी देश के साथ-साथ 120 देश में से अधिकांश फिलिस्तीन के पक्ष में खड़ा है ईरान ने तो यह घोषणा कर दी है कि अगर युद्ध बंदी नहीं किया तो हम फिलिस्तीन के पक्ष में खड़ा होकर उसका साथ देंगे। हम भारत में भी फासीवादी मोदी सरकार के खिलाफ लगातार मुहिम चला रहे हैं लेकिन मोदी सरकार लगातार धार्मिक अल्पसंख्यकों पर हमले जारी रखे हुए हैं।

### मामूली विवाद में मारपीट, प्राथमिकी दर्ज

**औरंगाबाद।** गोह थाना क्षेत्र के देवहरा गांव में मामूली बिबाद में मारपीट की घटना हुई है। जिसमे प्राथमिकी दर्ज कराई गई है। दर्ज प्राथमिकी में बताया गया है कि देवहरा गांव निवासी पुत्र रूबी राम ने आरोप लगाया है कि मैं अपना घर मे बैठा हुआ था उसी दौरान गाँव के ही श्रवण कुमार आया और गाली गलौज करते हुए मारपीट कर फरार हो गया। मामले में रूबी राम के बयान पर प्राथमिकी दर्ज की गई है जिसमे उर्मिला देवी,श्रवण कुमार सहित नव लोगो को आरोपी बनाया गया है।पुलिस मामले की अनुसंधान कर रही है।

### घोसी प्रखंड परिसर में मूर्ति विसर्जन के लिए बनाया गया कृत्रिम गड्ढा बना जानलेवा

**जहानाबाद।** घोसी प्रखंड परिसर में नगर पंचायत के द्वारा मूर्ति विसर्जन के लिए बनाया गया कृत्रिम गड्ढा की भराई नहीं होने के कारण वह गड्ढा जानलेवा बन गया है। दरअसल एनजीटी के गाइडलाइन के बाद जिला प्रशासन के द्वारा दुर्गा पूजा के बाद मूर्ति विसर्जन हेतु प्रखंड परिसर में घोसी नगर पंचायत के द्वारा एक कृत्रिम गड्ढा बनाया गया था जिसमें सभी पुजा पंडालों की मां दुर्गा की प्रतिमा का विसर्जन किया गया था। प्रतिमा की विसर्जन के तत्काल बाद उस गड्ढे को भर देना अनिवार्य था। बावजूद इसके 15 दिन बीत जाने के बाद भी प्रशासन की नींद नहीं खुली है। इस संदर्भ में स्थानीय कुछ लोगों ने कहां कि उनके छोटे-छोटे बच्चे गड्ढे के आसपास खेलते हैं और हमेशा उन्हें बच्चों के गड्ढे में गिरने का भय सताता है। वही गड्ढे में जमा पानी भी रोग का घर बन गया है।

## अवैध खनन के विरुद्ध कार्रवाई चार ट्रैक्टर जब्त, तीन गिरफ्तार

**केटी न्यूज/औरंगाबाद**

अवैध खनन एवं परिवहन के विरूद्ध कार्रवाई के फलस्वरूप चार ट्रैक्टर जब्त किया गया है। साथ ही दो चालक एवं एक लाइजनर तथा एक मजदूर को गिरफ्तार किया गया है। यह कार्रवाई एसपी स्वप्ना गौतम मेश्राम के निर्देश पर अलग - अलग थानों की पुलिस द्वारा की गई। इस कार्रवाई से बालू माफियाओं में हड़कंप मच गया।

इस दौरान नवीनगर थाना की पुलिस द्वारा की गई जिसमें एक अवैध बालू लदा ट्रैक्टर जब्त किया गया है जिसमें एक ट्रैक्टर चालक, लाइजनर एवं मजदूर को गिरफ्तार किया गया है। जिनकी पहचान पलामू ज़िले के हुसैनाबाद थाना क्षेत्र अंतर्गत बिल बिगहा निवासी चालक विशाल साहु, लाईनर संतोष कुमार मेहता एवं मजदूर उदित कुमार के रूप में की गई। यह कार्रवाई थाना क्षेत्र अंतर्गत रजवरिया रेलवे फाटक के पास की गई।

मुफ्फसिल थाना की पुलिस द्वारा अवैध बालू लदा एक ट्रैक्टर जब्त किया गया है। जबकि चालक फरार हो गया। यह कार्रवाई थाना क्षेत्र के बभंडी जोगिया रोड बटाने नदी के समीप की गई। दाउदनगर थाना की पुलिस द्वारा अवैध बालू लदा एक ट्रैक्टर के साथ चालक को गिरफ़्तार किया है जिसकी पहचान थाना क्षेत्र अंतर्गत निवासी मनीष कुमार को गिरफ़्तार किया गया है। इसके अलावा बारुण थाना की पुलिस द्वारा सोन नदी के बाबा घाट से अवैध बालू लदा एक ट्रैक्टर जब्त किया गया है जबकि चालाक पुलिस को चकमा देकर फरार हो गया। पकड़े गए अभियुक्तों को जेल भेज दिया गया।

### चोरी मामले में फरार आरोपित गया जेल

**औरंगाबाद।** चोरी करने की नीयत से घर में घुसे एक आरोपित को फेसर थाना की पुलिस द्वारा गिरफ्तार कर जेल भेज दिया गया। पकड़ा गया आरोपित थाना क्षेत्र फेसरा गांव निवासी रामरूप सिंह के पुत्र चिक्कू कुमार हैं। इसके विरूद्ध 26.04.23 को प्राथमिकी दर्ज कराई गई थी जिसमें यह तब से फरार चल रहा था। इसी क्रम में बुधवार की सुबह पकड़ा गया। इस पर आरोप है कि गांव के ही एक घर में दीवार फांदकर चोरी की नियत से दाखिल हुआ, जहां वरदात को अंजाम देकर भागने के दौरान किसी चीज से टक्कर गया जिसकी आवाज सुनकर गृह स्वामी की नींद खुल गई। जब शोर मचाया मचाया और इसे पकड़ना चाहा तो किसी धारदार औजार का भय दिखाकर मौके से फरार हो गया था। इसके विरुद्ध गृह स्वामी ने प्राथमिकी दर्ज करवा कर कार्रवाई की मांग की थी।

## सुनसान मार्गों पर अच्छे करें पेट्रोलिंग: एसपी

- धोबहां ओपी के निरीक्षण के दौरान एसपी ने दिया अफसरों को टास्क
- गंगा के दियारा क्षेत्र में अवैध शराब व बालू के खिलाफ कार्रवाई का निर्देश

**केटी न्यूज/आरा**

क्राइम कंट्रोल और अपराधियों की गिरफ्तारी को लेकर संवेदनशील इलाकों के साथ सुनसान मार्गों पर भी बेहतर ढंग से पेट्रोलिंग करना होगा। बुधवार को धोबहां ओपी के निरीक्षण के दौरान एसपी प्रमोद कुमार यादव द्वारा अफसरों को इस संबंध में निर्देश दिया गया है। उसके अलावा शराबबंदी को बेहतर ढंग से लागू करने के लिए चौकीदारों को सूचना संकलन करने का निर्देश दिया गया है। निरीक्षण के एसपी ने दौरान तमाम अभिलेखों की जांच की और रखने



के निर्देश दिया। कांड निस्तारण में गति लाने लाने के साथ सभी आइओ साथ के अनुसंधान की समीक्षा की। उस दौरान लंबित गिरफ्तारी सुनिश्चित करने और गस्ती को संवेदनशील क्षेत्र के साथ रात्रि में बेहतर सतर्कता के साथ भ्रमणशील रहने को निर्देशित किया गया। सुनसान मार्गों पर भी बेहतर ढंग से पेट्रोलिंग का टास्क दिया। इसके अलावा थानाध्यक्ष सहित सभी अधिकारियों को प्रतिदिन की बेहतर पुलिसिंग के लिए जरूरी दिशा निर्देश दिया। आगामी दीपावली पर और छठ पर्व संबंधित तैयारी के लिए भी निर्देशित किया गया। एसपी द्वारा गंगा के दियारा क्षेत्र में अवैध शराब और बालू के खिलाफ कार्रवाई जारी रखने का भी निर्देश दिया गया।

**जैविक खेती और उसके फायदे विषय पर किसानों के लिए एक दिवसीय प्रशिक्षण का आयोजन**

# खेती में रसायन के इस्तेमाल से शरीर पर पड़ रहा बुरा प्रभाव: डॉ अजय

**केटी न्यूज/जहानबाद**

जैविक खेती और उसके फायदे विषय पर किसानों का एक दिवसीय प्रशिक्षण का आयोजन जन्म मुक्ति आंदोलन मुख्यालय डॉ विनयन आश्रम ग्राम नवादा में किया गया। जिसकी अध्यक्षता जन्म मुक्ति आंदोलन के महासचिव हरी लाल प्रसाद सिंह ने की। इस कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में जन्मुक्ति आंदोलन के राष्ट्रीय अध्यक्ष व्यास जी, जन्मुक्ति आंदोलन के उपाध्यक्ष संत प्रसाद एवं डॉ अजय कुमार कृषि वैज्ञानिक ने कहा कि हरित क्रांति के बाद अधिक अन्न उपजाने के ख्याल से खाद का इस्तेमाल कर खेती की गई उससे अन्न तो अधिक मिला परंतु यहां का



पानी प्रदूषित हो गया। भूमि बंजर हो रही है। आदमी का स्वास्थ्य खराब हो रहा है। अनेक तरह की बीमारियां रासायनिक के उपयोग से फैलती जा रही हैं। इसको रोक कर हमें जैविक खेती का प्रोत्साहन देना है। जिसमें नीम कौड़ी, गोबर ,पत्तियां जैसे चीजों को एवं जैविक के रूप में इस्तेमाल करना है। किसानों को विस्तार रूप से बताने एवं उनकी समस्याओं को सुलझाने के लिए आए जैविक खेती का मतलब रसायन की मात्रा जीरो कर-के खेती करना और इस बात का भी ख्याल रखना की जैविक खेती करने से पैदावार की कमी ना हो। कृषि वैज्ञानिक डॉ अजय कुमार ने कहा कि हम लोग मिट्टी से सारे पोषक तत्त्व रासायनिक खाद्य के इस्तेमाल से निकलते जा रहे हैं, जिससे खेती कमजोर होती जा रही है जबकि इसकी व्यवस्था हम लोग नहीं कर पा रहे हैं।

### जैविक खेती एवं प्राकृतिक खेती के बारे में दी गई जानकारी

कार्यक्रम में उपस्थित जनमुक्ति आंदोलन के विश्वनाथ प्रसाद यादव ने भी जैविक खेती एवं प्राकृतिक खेती के बारे में विस्तृत रूप से अपनी बातों किसानों के बीच रखा और उन्होंने कहा कि जैविक खेती के लिए हम लोग एक गांव का चयन कर किसानों को जैविक खेती कराकर इसका प्रयोग किया जाए और इस बात का ख्याल रखा जाए कि खेती का पैदा कम ना हो तभी किसानों का कल्याण होगा। इससे लोगों के स्वास्थ्य पर इसका असर नहीं पड़ेगा भूमि बंजर नहीं होंगे पानी प्रदूषित नहीं होगा इस कार्यक्रम में जन्मुक्ति आंदोलन के सैकड़ो पुरुष एवं महिला किसानों ने भाग लिया।

## खबरें फटाफट

### गोदाम से 27 हजार नकद समेत लाखों के छड़ की चोरी

**बक्सर।** मंगलवार की रात औद्योगिक थाना क्षेत्र अंतर्गत अर्जुनपुर रोड स्थित भाजपा कार्यालय के समीप एक गोदाम से चोरों ने 27 हजार रूपए नकद समेत लाखों रूपए मूल्य के सरिया की चोरी कर ली है। पीड़ित व्यवसायी ज्योति प्रकाश चौक निवासी सुयश बजाज ने बताया कि मंगलवार की शाम गोदाम के कर्मचारी कृष्णा ने रोजाना की तरह करीब सात बजे गोदाम बंद कर घर चले गए। सुबह गोदाम के पास के रहनेवाले संजय गुप्ता ने फोन कर गोदाम में चोरी की सूचना दी। सुचना मिलते ही पहुंचे तो देखा कि अज्ञात चोरों ने गोदाम का सारा ताला तोड़कर 27 हजार नकद रूपए के साथ ही 12 टन सरिया, एक टन लोहे का रिंग, छड़ बाँधनेवाला तार, लगभग 80 बंडल, सीमेंट में डालने वाला केमिकल चार बाल्टी चुरा लिए है। जिसकी कीमत लगभग 10 लाख रुपए है। उन्होंने बताया कि हमारे गोदाम के बगल में मोहन गुप्ता के गल्ला का गोदाम है। चोरों ने इस गोदाम में रहने वाले कर्मचारी गोपाल को बंधक बना सीसीटीवी कैमरा का हार्ड डिस्क लेकर चले गए है। कर्मचारी के द्वारा यह भी बताया गया कि चोरों की संख्या 6 –7 थी और हथियार के साथ आये थे। जो की ट्रक पर सामान लाद कर ले गए है।

### नवोदय विद्यालय के कक्षा 11वीं में प्रवेश की आवेदन तिथि बढ़ी

**नावानगर।** जिला के जवाहर नवोदय विद्यालय नावानगर में सत्र 2024 – 25 के लिए कक्षा 11 वीं की खाली सीटों पर प्रवेश के लिए आवेदन जमा करने की अंतिम तिथि बढ़ा दी गई है। इसके लिए विद्यालय के समिति द्वारा फैसला लिया गया है। विद्यालय के प्राचार्य कौशल किशोर ने बताया कि 11 वीं की खाली सीटों के लिए विगत 20 सितंबर से ही रजिस्ट्रेशन शुरू है। बावजूद समिति ने रजिस्ट्रेशन तिथि को बढ़ाते हुए 15 नवंबर तक कर दिया है। वैसे छात्र जो अभी तक अपना रजिस्ट्रेशन नहीं कर पाए हैं, वे 15 नवंबर तक जेएनवी समिति के वेबसाईट पर अपना रजिस्ट्रेशन करा सकते हैं।

# लोक आस्था के महापर्व छठ में बर्दाश्त नहीं की जाएगी किसी तरह की लापरवाही: डीएम

- डीएम ने नाथ बाबा घाट, अहिरौली घाट एवं जेल घाट तक के सभी छठ घाटों का किया निरीक्षण, दिए निर्देश

**केटी न्यूज/बक्सर**





बुधवार को डीएम अंशुल अग्रवाल ने जेल घाट व नाथ बाबा घाट से अहिरौली घाट तक बक्सर के सभी छठ घाटों का निरीक्षण किया। इस दौरान डीएम ने नगर परिषद प्रशासन व अपने मातहतों को छठ से पूर्व सफाई व्यवस्था दुरूस्त रखने, घाटों पर जमे गादों की समुचित सफाई करने तथा रौशनी की पर्याप्त व्यवस्था रखने का निर्देश दिया। डीएम ने कहा कि छठ लोक आस्था का महापर्व है। इस महापर्व पर हजारों परिवार विभिन्न घाटों पर छठ करते है। उन्हें किसी तरह की परेशानी या सुरक्षा में चूक नहीं होना चाहिए। डीएम ने कहा कि इस महापर्व में लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। निरीक्षण के क्रम में डीएम ने बताया कि नगर परिषद बक्सर के द्वारा छठ घाटों पर गंदगी एवं घाट पर जमे हुए गाद को हटाने का काम किया जा रहा है। सभी छठ घाटों पर पर्याप्त रौशनी, साफ-सफाई एवं बैरिकेडिंग कराने को भी कहा गया। जिस घाट के आस पास कचरा है उसको भी पर्व से पूर्व हटाने हेतु निर्देश दिया गया। जिला प्रशासन बक्सर के द्वारा सभी छठ घाटों पर साफ-सफाई की व्यवस्था, पर्याप्त रौशनी की व्यवस्था एवं सुरक्षा की दृष्टिकोण से बैरिकेडिंग की व्यवस्था इत्यादि बहुत जल्द पूरी कर ली जायेगी। इसके अतिरिक्त 200 की संख्या में मजिस्ट्रेट एवं 400 की संख्या में पुलिस बल की तैनाती छठ पर्व को लेकर की जायेगी। साथ ही विभिन्न छठ घाटों की निगरानी ड्रोन से भी की जायेगी। बस स्टैण्ड एवं रेलवे स्टेशन पर मजिस्ट्रेट एवं पुलिस बल की प्रतिनियुक्ति की जाएगी। जिससे बाहर से छठ करने आए हुए व्रतियों को कठिनाई न हों। सभी घाटों पर बोर्ड साइनेज भी लगाया जाएगा। डीएम ने कहा कि अंचलाधिकारी के माध्यम से छठ घाटों पर सुरक्षा के लिहाज से गोताखोरों की प्रतिनियुक्ति की जाएगी। घाटों पर गोताखोर एवं बोट भी पर्याप्त संख्या में उपलब्ध रहेंगे। बक्सर व डुमरांव अनुमंडल में चिन्हित किए गए सात-सात खतरनाक घाटों पर सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम किए गए हैं।

## प्रतापसागर के पास हुई घटना, सड़क पर कुछ देर तक मची रही अफरा-तफरी

# स्कूली बच्चों को लेकर आ रही वैन में ट्रक ने मारी जोरदार टक्कर, सात बच्चे जख्मी

- पुलिस ने ट्रक सहित चालक को पकड़ा घटनास्थल पर पहुंचे एसडीपीओ
- तीन बच्चों को अधिक चोट लगने के कारण बक्सर रेफर किया गया
- वैन के गलत लेन में जाने के कारण हुआ हादसा, बाल-बाल बची जान

**केटी न्यूज/डुमरांव**

नया भोजपुर ओपी थाना क्षेत्र के फोरलेन सड़क स्थित प्रतापसागर गांव के समीप एक निजी स्कूली वैन को सामने से आ रही ट्रक ने जोरदार टक्कर मार दी। इस घटना में वैन में बैठे सात स्कूली बच्चे और वैन चालक जख्मी हो गये। हादसे के बाद सड़क पर अफरा-तफरी का माहौल बन गया। चिलहरी सहित कई गांवों के लोग मौके पर पहुंचे और क्षतिग्रस्त वैन से बच्चे और चालक को बाहर निकाल तत्काल प्रतापसागर मेथोडिस्ट अस्पताल पहुंचाया, जहां अस्पताल अधीक्षक डॉ आरके सिंह के नेतृत्व में डॉक्टरों की टीम ने प्राथमिक उपचार किया, जिसमें तीन बच्चों को अधिक चोट लगने के कारण बक्सर रेफर कर दिया गया। इस हादसे के बाद बच्चें काफी भयभीत थे। वह अपने परिजनों को देखते ही रोने लगते थे। स्थिति देख परिजनों के आंसू भी नही थम रहे थे।

हादसे की सूचना मिलते ही एसडीपीओ अफाक अख्तर अंसारी, बीडीओ संदीप पांडेय और ओपी थानाध्यक्ष मुकेश कुमार सहित अन्य पुलिसकर्मी घटनास्थल पर पहुंचे और इलाज के बाद जख्मी बच्चों को घर भेजा। पुलिस की टीम ने टोल प्लाजा पर ट्रक सहित ड्राइवर को दबोच लिया और ट्रक को जब्त कर चालक से कड़ी पूछताछ कर रही है।









### देवदूत बने स्थानीय ग्रामीण, तुरंत पहुंचाया अस्पताल

ग्रामीणों के अनुसार मंझवारी पंचायत के गोपालपुर के एक निजी स्कूल दून पब्लिक स्कूल से बच्चों को लेकर स्कूल वैन (यूपी 67 टी 7644) चिलहरी, प्रतापसागर होते हुए गोपालडेरा जा रही थी। बच्चों को छोड़ने के लिए वह गलत लेन का सहारा लिया। इसी दौरान तेज रफ्तार में आ रही एक ट्रक ने टक्कर मार दी, जिससे वैन का अगला हिस्सा क्षतिग्रस्त हो गया और उसमें बैठे गोलू (8) पिता उपेंद्र यादव, शिवम (9) पिता मंटू सिंह, कृति (11) पिता मंटू सिंह, अजीत (12) पिता महेंद्र यादव सहित सात बच्चे व चालक जख्मी हो गये। हादसे के बाद स्थानीय ग्रामीण देवदूत बन गये तथा तत्परता से बच्चें सहित चालक को वैन से बाहर निकाला और मेथोडिस्ट अस्पताल पहुंचाया, जहां डॉक्टरों ने प्राथमिक उपचार किया।

### मेथोडिस्ट अस्पताल में भीड़

स्कूल वैन के हादसे के बाद बच्चों को देखने के लिए मेथोडिस्ट अस्पताल में चिलहरी, प्रतापसागर, गोपालडेरा सहित कई अन्य गांवों के महिला-पुरुष वहां पहुंच गये और अस्पताल में अफरा-तफरी का माहौल बन गया। ग्रामीणों का कहना था कि आसपास के गांवों में कई निजी स्कूल का संचालन होता है, जिसमें हर गांव से बच्चें स्कूल में पहुंचते है। क्षतिग्रस्त स्कूली वैन कहां बच्चों को लेकर आ रहा था, इसकी जानकारी नही होने से कई गांवों को लोग वहां पहुंच गये। स्थिति की सही जानकारी होने के बाद कई लोगों ने राहत की सांस ली। वहीं एसडीपीओ अफाक अख्तर अंसारी ने बताया कि इस मामले में दोनों वाहनों को जब्त किया गया है। ट्रक चालक को हिरासत में लेकर पूछताछ की जा रही है। अस्पताल पहुंच कर इलाजरत बच्चों से भी जानकारी ली गयी। इस मामले में जांच-पड़ताल चल रही है।

## एक नजर

### गायत्री परिवार ने डुमरांव में रैली निकाल लोगों को दिया नशा से दूर रहने का संदेश




**डुमरांव।** शांतिकुंज हरिद्वार से नशा मुक्त भारत अभियान के तहत गायत्री परिवार द्वारा डुमरांव में नशामुक्ति अभियान रैली निकाल कर लोगों को जागरूक किया गया। यह रैली छठिया पोखरा से शुरू होकर चौक रोड, जंगल बाजार, स्टेशन रोड, शीला सिनेमा गोला रोड होते हुए राजगढ़ पहुंच संपन्न हुआ। जिसमें पटना व बक्सर के गायत्री परिवार के कई सदस्य शामिल थे। जिसमें महिलाएं, पुरुष, बच्चें और जवान शामिल होकर लोगों को नशा मुक्ति करने के लिए जागरूक किये। रैली में शामिल लोग नशा नहीं करने की अपील कर रहे थे एवं भारत माता की जयकारा लगाते हुए आगे बढ़ रहे थे। इस दौरान रैली में शामिल लोग हाथों में बैनर, पोस्टर लेकर पूरे नगर में भ्रमण कर लोगों को नशा से परहेज करने के लिए जागरूक कर रहे थे। कार्यक्रम में विमलेश कुमार सिंह, दिनेश केसरी, डा. संजय कुमार सिंह, उमेश कुमार गुप्ता, तेज नारायण ओझा, विमलेश कुमार सिंह, हरेंद्र कुमार द्विवेदी, उमेश गुप्ता रौनियार, बबन खरवार, आशीष गौतम, संजय सिंह, प्रदुमन कुमार, बिहार केसरी, नवीन गुप्ता, हरिकिशुन द्विवेदी, श्रीमन नारायण दुबे, महिला मंडल मंजू कुमारी, ललिता देवी, गीत देवी, मीना राय, उर्मिला राय, उषा ठाकुर, भारती जायसवाल, रीना राय, निर्मला राय के साथ अन्य सैकड़ों महिला पुरुष उपस्थिति रहे।

### मतदाता जागरूकता अभियान के तहत स्कूली छात्रों को किया गया जागरूक




**केसठ।** प्रखंड में मतदान प्रतिशत बढ़ाने के लिए स्वीप कार्यक्रम के तहत जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। बुधवार को उच्च विद्यालय रघुनाथपुर के प्रांगण में एसडीओ डुमरांव कुमार पंकज की उपस्थिति में अजय कुमार विक्रांत ने स्कूली छात्रों को वोट के महत्व तथा मतदाता सूची में नाम जोड़ने के ऑफ लाइन, ऑन लाइन तरीके की जानकारी से अवगत कराया। वही अनुमंडलाधिकारी कुमार पंकज छात्र छात्राओं को नए मतदाता बनने के लाभ पर प्रकाश डाला। साथ ही बताया की एक जनवरी 2024 अहर्ता तिथि में जो भी बच्चें 18 वर्ष पुरा कर रहे हैं। जिनका नाम मतदाता सूची में नाम चढ़ना अतिआवश्यक है। वहीं 17 वर्ष के बच्चों का नाम वेटिंग सूची में दर्ज की जाएगी। विशेषकर महिलाओं के नाम जोड़ने को ले परिवार की छात्राओं को जागरूक किया जा रहा है। ज्ञात हो की स्पीप कार्यक्रम के तहत विभिन्न प्रकार से मतदाता सूची में नाम जोड़ने को ले जागरूकता अभियान चलाया जा रहा है। शिक्षक अनिल कुमार ने बच्चों को वोट के महत्व व मतदाता सूची में नाम कैसे जुड़वाए, जनकारी को अपने तक सीमित नहीं रखते हुए अपने अभिभावकों और आस पड़ोस के मतदाताओं को भी दे।

### मुख्यमंत्री के शर्मनाक बयान के खिलाफ बक्सर में भाजपा महिला मोर्चा ने फूंका पुतला




**बक्सर।** विधान परिषद में मंगलवार को मुख्यमंत्री नीतीश कुमार द्वारा महिलाओं पर की गई अमर्यादित टिप्पणी के खिलाफ जिले के सियासत गरमा गई है। बुधवार को भाजपा महिला मोर्चा के कार्यकताओं ने उनके इस अमर्यादित बयान के खिलाफ उनका पुतला दहन किया। पार्टी कार्यालय से दर्जनों की संख्या में महिला मोर्चा की कार्यकर्ता मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के पुतले के साथ जुलूस निकाल पूरे शहर का भ्रमण की। इस दौरान उनके हाथों में तख्तियां भी थी जिस पर नीतीश कुमार शर्म करों जैसे स्लोगन लिखे थे। नगर थाना के पास पहुंच भाजपा नेत्रियों ने उनके पुतले में आग लगा जलाया। इसका नेतृत्व महिला मोर्चा की जिलाध्यक्ष शिला त्रिवेदी ने किया। जिलाध्यक्ष ने कहा कि विधान परिषद में मुख्यमंत्री ने जिस तरीके से महिलाओं के खिलाफ अमर्यादित टिप्पणी की है वह काफी शर्मनाक है। मुख्यमंत्री के इस वक्तव्य से देश में बिहार शर्मसार हुआ है। उन्होंने नीतीश कुमार के मानसिक संतुलन पर सवाल उठाते हुए कहा कि राज्य के सबसे उच्च पद पर बैठा व्यक्ति यदि उच्च सदन में ऐसी बातें करता है तो जाहिर है उसकी दिमागी हालत ठीक नहीं है। इस दौरान महिला मोर्चा की कार्यकताओं ने नीतीश कुमार गद्दी छोड़ो सहित कई अन्य नारे लगा मुख्यमंत्री के बयान का विरोध किया। मौके पर कंचन देवी, पूनम रविदास, इंदू देवी, चंदा पांडेय, नीलम सहाय, पूनम यादव, वीणा जायसवाल व अन्य मौजूद थीं।

# पिकअप ने स्कूटी में मारी टक्कर, दो जख्मी

**केटी न्यूज/डुमरांव**



डुमरांव थाना क्षेत्र के एनएच 120 सड़क स्थित गैस गोदाम के समीप तेज रफ्तार से आ रही एक पिकअप ने स्कूटी में टक्कर मार दी। इस हादसे में स्कूटी सवार दो युवक गंभीर रूप से जख्मी होकर सड़क पर गिरकर बेहोश हो गये। हादसे के बाद पिकअप चालक वाहन लेकर फरार हो गया।

राहगीरों ने तत्काल इसकी सूचना स्थानीय पुलिस को दी। मौके पर पहुंची पुलिस ने जख्मियों को तत्काल अनुमंडल अस्पताल पहुंचाया, जहां डॉक्टरों ने प्राथमिक उपचार कर बेहतर इलाज के लिए उन्हें बक्सर रेफर कर दिया। बिगड़ती हालत को देख बक्सर सदर अस्पताल के डॉक्टरों ने डुमरांव के तकिया मोहल्ला निवासी मोहम्मद रज्जाक हाशमी के 50 वर्षीय पुत्र मोहम्मद तस्लीम हाशमी को बनारस रेफर कर दिया जबकि दूसरे जख्मी युवक की पहचान डॉ जगनारायण सिंह अस्पताल रोड के रहने वाले रामजी सिंह के 35 वर्षीय पुत्र भुअर सिंह बताया जाता है।

घटना की जानकारी मिलते ही परिजनों के बीच अफरा-तफरी मच गयी। राहगीरों ने बताया कि स्कूटी सवार दोनों युवक कोरानसराय से डुमरांव लौट रहे थे। गैस गोदाम के समीप विपरीत दिशा से आ रही एक पिकअप ने स्कूटी में टक्कर मार दी और फरार हो गया। तेज आवाज सुनकर राहगीर और आसपास के लोग वहां पहुंचे और पुलिस को सूचना देकर आनन-फानन में जख्मियों को अनुमंडल अस्पताल पहुंचाया। थानाध्यक्ष दिनेश मालाकार ने बताया कि पुलिस की टीम जख्मियों के परिजनों को सूचना दी है और अज्ञात पिकअप चालक की खोज कर रही है।

# ब्रह्मपुर में चला अतिक्रमण हटाओ अभियान

**केटी न्यूज/ब्रह्मपुर**



बुधवार को डीएम अंशुल अग्रवाल के निर्देश पर ब्रह्मपुर चौराहा से बाबा ब्रह्मेश्वर नाथ मंदिर मार्ग के दोनों किनारों को अतिक्रमणमुक्त किया गया। इस अभियान का नेतृत्व सीओ रोहित अग्रवाल एवं थाना प्रभारी रंजीत कुमार ने किया। इस दौरान अतिक्रमणकारियों में हड़कंप मचा रहा। बता दें कि ब्रह्मपुर में अतिक्रमण की समस्या नासूर बन गई थी। अतिक्रमण के चलते यहां हर दिन घंटों जाम लगा रहता है। ब्रह्मपुर रघुनाथपुर सड़क मार्ग में ब्रह्मपुर थाना, प्रखंड मुख्यालय, रघुनाथपुर रेलवे स्टेशन, रघुनाथपुर प्राथमिक अस्पताल स्थित है। यहां आने जाने वाले लोग प्रतिदिन घंटों जाम में फंसकर हलकान होते है। सबसे ज्यादा परेशानी सड़क के किनारे गुमटी ठेला और सब्जी विक्रेता वालों के कारण होती है। डीएम के आदेशनुसार अतिक्रमण हटाने की कार्रवाई तो की गई, लेकिन इसे मात्र दिखावा ही कहा जा सकता है। ऐसा कई बार होता आया है। अतिक्रमण हटाने के दूसरे ही दिन अतिक्रमणकारी पुनः उसी जगह पर काबिज हो जाते है। एक बार के अभियान के बाद प्रशासन के सुस्त रवैये के कारण अतिक्रमणकारी अपनी हरकतों से बाज नहीं आते है। ऐसा पहली बार नहीं हुआ है कि ब्रह्मपुर से अतिक्रमण हटाया गया हो। इसके पहले भी कई बार अतिक्रमण हटाया गया लेकिन एक बार के अभियान के बाद प्रशासन की लंबी सुस्ती का लाभ उठा अतिक्रमणकारी फिर से काबिज हो जाते है। वही इस अभियान पर स्थानीय दुकानदारों ने सवाल भी उठाए है। कुछ दुकानदारों का कहना है कि दो दिन पहले अनाउंस किया गया था, लेकिन बगैर मापी कराए तोड़ फोड़ किया गया।

## बच्चों के शारीरिक के साथ मानसिक स्वास्थ्य को भी सुरक्षा प्रदान करता है नियमित टीकाकरण

# नियमित टीकाकरण से बच्चों के बीमार होने की कम होती है संभावना

**केटी न्यूज/बक्सर**



शून्य से लेकर पांच साल तक के बच्चों की मृत्युदर कम करने को लेकर सरकार और स्वास्थ्य विभाग स्तर से कई कार्यक्रम चलाए जा रहे हैं। जिसमें सबसे महत्वपूर्ण नियमित टीकाकरण कार्यक्रम है। जिसके तहत पांच साल से कम उम्र के बच्चों और गर्भवती महिलाओं को 16 प्रकार की बीमारियों से बचाने के लिए विभिन्न टीके दिए जाते हैं। गर्भवती महिलाओं और प्रसव के बाद बच्चों के नियमित टीकाकरण से उनकी रोग प्रतिरोधक क्षमता मजबूत हो जाती है। जिसकी बदौलत वे जल्दी किसी भी प्रकार की बीमारी की चपेट में नहीं आते हैं। यदि बच्चा किसी बीमारी की चपेट में आ भी गया, तो वह उससे जल्द ही ठीक भी हो जाता है। बावजूद इसके जिन गर्भवती महिलाओं और बच्चों का नियमित टीकाकरण नहीं हो पाता तो उन बच्चों की रोग प्रतिरोधक क्षमता उतनी मजबूत नहीं होती और वो किसी भी बीमारी की चपेट में जल्द ही आ जाता है। इसके अलावा इससे उबरने में भी उसे काफी परेशानी होती है। शिशुओं को दिया जाने वाला टीका शिशुओं के शरीर में जानलेवा संबंधित बीमारियों से बचने के लिए प्रतिरक्षा प्रणाली को विकसित और मजबूती प्रदान करते हैं। इस प्रकार कई तरह की जानलेवा बीमारियों से शिशुओं को बचने के खास टीके विकसित किये गये हैं, जिनका टीकाकरण करवाना आवश्यक है।

अपर मुख्य चिकित्सा पदाधिकारी सह डीएमओ डॉ. शैलेंद्र कुमार ने कहा कि विभिन्न बीमारियों से बच्चों की होने वाली मौत में सबसे ज्यादा संख्या शून्य से पांच वर्ष तक के बच्चों की होती है। जो जरूरी टीकों के अभाव में अपनी जान गवां बैठते हैं। इसकी कारण से सरकार ने बच्चों की मृत्युदर कम करने के लिए नियमित टीकाकरण अभियान शुरू किया। ताकि, शून्य से पांच साल तक के बच्चों को बीमारियों से बचाया जा सके। नियमित टीकाकरण बच्चों को बीमारियों से बचाने में एक कवच का काम करती है। उन्होंने बताया कि महाभारत काल में भगवान सूर्य ने कर्ण को शक्तिशाली बनाने के लिए जन्म के साथ की कवच कुंडल प्रदान किया था। ठीक उसी प्रकार बच्चों को बीमारियों से बचाने के लिए सभी माता पिता को नियमित टीकाकरण के माध्यम से सुरक्षा कवच प्रदान करना चाहिए।

केशव टाइम्स डिजिटल संस्करण



बक्सर, 9 नवंबर 2023
website:keshavtimes.com
e-mail:keshavtimes1@gmail.com



# शर्मनाक... दलित महिला के शरीर पर मनबढ़ युवक ने किया पेशाब, दी गाली

- बलिया के जिला महिला अस्पताल के पोस्ट नेटल वार्ड का मामला
- सीएमएस आरोपी को बचाने में जुटी, पुलिस ने केस दर्ज कर भेजा जेल

**तिलक कुमार/बलिया**

एक तरफ उप्र की योगी सरकार महिला सुरक्षा पर बड़ी–बड़ी बातें कर रही है, सीएम योगी स्वयं नारी शक्ति सम्मेलन में आकर भाषण देते नहीं थक रहे हैं। वहीं उन्ही के राज्य के बलिया जनपद के जिला महिला अस्पताल में सुरक्षा व्यवस्था को धता बताते हुए मनबढ़ युवक द्वारा दलित महिला के



शरीर पर पेशाब किया जा रहा है। हालांकि पुलिस ने तत्परता दिखाते हुए तुरंत आरोपी विकास सिंह को पकड़ने के साथ मुकदमा दर्ज कर लिया है।

सुखपुरा थाना क्षेत्र के गांव निवासी पीड़ित महिला ने बताया कि वे अपनी भाभी जो प्रसूता है, लेकर जिला महिला अस्पताल के पोस्ट नेटल वार्ड में भर्ती थी। इस बीच मंगलवार की रात लगभग 11 बजे गड़वार थाना क्षेत्र के साहपुर निवासी विकास सिंह शराब के नशे में धूत होकर पोस्ट नेटल वार्ड में घुस आया और पीड़ित महिला के शरीर पर पेशाब करने लगा। विरोध करने पर आरोपी विकास सिंह ने भद्दी-भद्दी गालियां दी। वार्ड के बाहर गार्ड भी मौजूद थे, लेकिन शराबी को रोकना मुनासिब नहीं समझा। मामले में दूसरे दिन पीड़ित महिला ने शहर कोतवाली में तहरीर दी, जिसके आधार पर शहर कोतवाली पुलिस ने आरोपी विकास सिंह निवासी साहपुर के खिलाफ संबंधित धाराओं में मुकदमा दर्ज कर न्यायालय में चालान कर दिया है। उधर घटना को लेकर पूरे दिन जिला अस्पताल में अफरा–तफरी का माहौल देखा गया। इस मामले को जिसने भी सुना वह इसे शर्मनाक करतूत बताते हुए इसकी कड़ी निंदा कर रहा है।

### सच्चाई का सामना करने से कतराती रही सीएमएस

जिला महिला अस्पताल में इतने बड़े कांड हो जाने के बावजूद सीएमएस सुमिता सिन्हा मामले में सुस्त दिखी और जिम्मेदारी पूर्वक बयान देने के बजाय मीडियो के सामने हाथ जोड़ती नजर आई और तो और यह कहने लगी कि जाने दीजिए माफ कर दीजिए। मैं बदनाम हो जाउंगी मेरा अस्पताल बदनाम हो जाएगा।

### क्या बोले कोतवाल

इस संबंध में जब शहर कोतवाल से पूछा गया तो उन्होंने बताया कि मामले में पीड़ित महिला की शिकायत कर तत्काल आरोपी को पकड़ लिया गया है, इसके बाद संबंधित धाराओं में मुकदमा दर्ज करने के साथ ही आरोपी को न्यायालय में चालान कर दिया गया है।

## खबरें फटाफट

### छह कुंतल 20 किलो अवैध पटाखे के साथ एक गिरफ्तार

**गाजीपुर।** जनपद की स्वाट, सर्विलांस व मुहम्मदाबाद थाने की पुलिस द्वारा अवैध पटाखों का जखीरा ( छह कुंतल 20 किलो अवैध पटाखा आतिशबाजी ) बरामद करते हुए एक व्यक्ति को गिरफ्तार कर लिया। पुलिस अधीक्षक ओमवीर सिंह के निर्देश पर जनपद में अपराध एवं अपराधियों के विरूद्ध चलाए जा रहे अभियान के क्रम में अपर पुलिस अधीक्षक ग्रामीण व क्षेत्राधिकारी मुहम्मदाबाद, के कुशल पर्यवेक्षण में सोमवार को समय करीब दो बजे प्रभारी निरीक्षक घनानन्द त्रिपाठी हमराहियों के साथ एवं स्वाट/सर्विलांस टीम द्वारा मुखबिर की सूचना पर नवीन खोवा मण्डी लोहार पट्टी के पीछे एक गोदाम से अभियुक्त को छह कुंतल 20 किलोग्राम अवैध पटाखा के साथ गिरफ्तार कर लिया। क्षेत्राधिकारी मुहम्मदाबाद एवं तहसीलदार मुहम्मदाबाद के समक्ष पूछताछ पर अपना नाम जितेन्द्र कुमार गुप्ता पुत्र जगरनाथ प्रसाद निवासी जमालपुर वार्ड नं0 25 कस्बा व थाना मु0बाद जनपद गाजीपुर बताया। अभियुक्त द्वारा किए गए उक्त अपराध के संबंध में स्थानीय थाने पर मुकदमा पंजीकृत कर अग्रिम विधिक कार्रवाई की जा रही है ।

### मऊ के सरायलखंसी थाना का मामला, परिजनों ने किया सड़क जाम

# संदिग्धावस्था में घायल युवक की इलाज के दौरान मौत, परिजनों ने किया हंगामा



**केटी न्यूज/मऊ**

सरायलखंसी थाना के राघवपट्टी निवासी 26 वर्षीय युवक की मंगलवार को संदिग्धावस्था में थाना मठ मुहम्मदपुर में घायल मिलने के बाद बुधवार को जिला अस्पताल में उपचार के दौरान मौत होने पर परिजनों ने शव को थाने के सामने राष्ट्रीय राजमार्ग 24 पर रखकर मार्ग जाम कर दिया। ग्रामीणों ने युवक की हत्या का आरोप लगाकर मोबाइल के काल डिटेल के जांच की मांग की। सूचना मिलते ही मौके पर सीटी मजिस्ट्रेट राजेश कुमार ?सिंह, सीओ सीटी शीतला प्रसाद पांडेय और सौरभ राय ने ग्रामीणों का समझा बुझाकर मार्ग खली कराया और मृतक के शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजवाया।

मार्ग जाम करने वाले ग्रामीणों ने बताया कि मृतक थाना के राघवपट्टी गांव का रहले वाला था। बीते छह नवंबर की शाम को मठ मुहम्मदपुर निवासी लड़की के फोन कर बुलाने पर वह बाइक से गया था। उसी दौरान लड़की के घर वाले बुरी तरह मारपीट कर मार्ग के किनारे फेंक दिया था। वही पर युवक अचेत अवस्था में पड़ा था। जानकारी होने पर परिजन और पुलिस वाले पहुंचे। घायलावस्था में उसे जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया था, जहां उसका उपचार चल रहा था। बुधवार की दोपहर 12 बजे उपचार के दौरान ही उसकी मौत हो गई। जानकारी मिलते ही मौके पर पुलिस भी पहुंच गई, उसी दौरान परिजन युवक की हत्या का आरोप लगाकर हंगामा करने लगे। पुलिस द्वारा हत्या की घटना से इनकार कर दिया। तभी ग्रामीण मृतक के शव को थाने के गेट के सामने रखकर हंगामा करने लगे। कुछ देर बाद सीटी मजिस्ट्रेट राजेश कुमार सिंह और सीओ सीटी शीतला प्रसाद पांडेय भी पहुंच गए। पीएम रिपोर्ट की जांच कराने के बाद कार्रवाई करने का भरोसा दिया तो मार्ग पर आवागमन बहाल हुआ।

## माफिया मुख्तार अंसारी के छोटे बेटे उमर अंसारी ने मऊ कोर्ट में किया आत्मसमर्पण



**मऊ।** चुनाव आचार संहिता के तीन अलग-अलग मामलों में नामजद मुख्तार अंसारी के छोटे पुत्र व विधायक अब्बास अंसारी के भाई उमर अंसारी ने बुधवार को एसीजेएम एमपी /एमएलए कोर्ट श्वेता चौधरी की अदालत में आत्मसमर्पण कर दिया। तीनों मामलों में उमर अंसारी के विरुद्ध कोर्ट से गैरजमानती वारंट जारी था। एसीजेएम ने उन्हें न्यायिक हिरासत में ले लिया है।

पहले मामले में अभियोजन के अनुसार एसआई गंगाराम बिंद की तहरीर पर शहर कोतवाली में अपराध संख्या 97/ 22 धारा 506, 171च भादवि के तहत एफआईआर दर्ज हुई। इसमें सदर विधायक अब्बास अंसारी व अन्य को आरोपी बनाया गया। आरोप था कि 3 मार्च 22 को विधानसभा चुनाव के दौरान सदर विधानसभा सीट से सुभासपा के प्रत्याशी के तौर पर चुनाव लड़ रहे अब्बास अंसारी ने नगर क्षेत्र के पहाड़पुर मैदान में जनसभा के दौरान कहा कि जनपद मऊ के प्रशासन को चुनाव के बाद रोककर हिसाब किताब करने व इसके बाद सबक सिखाने की धमकी मंच से दी गई थी। पुलिस ने विवेचना मे मामले में धारा 506, 171 एफ,186,189,153 ए, 120 बी भादवि मे सदर विधायक अब्बास अंसारी व उनके भाई उमर अंसारी, इलेक्शन एजेंट गाजीपुर जनपद के पुरानी कचहरी यूसुपुर मुहम्मदाबाद निवासी मंसूर अंसारी के विरुद्ध आरोप पत्र कोर्ट में पेश किया है।

मामले में आरोपी उमर अंसारी की पत्रावली अलग कर दी गई है। वह कोर्ट में हाजिर नहीं हो रहे थे, उनके विरुद्ध गैरजमानती वारंट जारी था। दूसरे मामले में अभियोजन के अनुसार एसआई राजेश कुमार वर्मा की तहरीर पर एफआईआर दर्ज हुई थी। आरोप है कि 27 फरवरी 22 को विधानसभा चुनाव के दौरान सुभासपा प्रत्याशी अब्बास अंसारी ने बिना अनुमति के राजाराम पुरा से लेकर भरहु का पूरा तक रोड शो निकाला।

## अराजक तत्वों ने महाराजा सुहेलदेव की प्रतिमा को किया क्षतिग्रस्त, बवाल

**केटी न्यूज/गाजीपुर**

जखनियां तहसील के ग्रामसभा परेवा करीमुल्लापुर संपर्क मार्ग पर बीती रात महाराजा सुहेलदेव की प्रतिमा को अराजकतत्वों ने क्षतिग्रस्त कर दिया। खबर मिलते ही ग्रामीणों की भीड़ इकट्ठी हो गई। सूचना मिलने पर भाजपा युवा मोर्चा के प्रदेश उपाध्यक्ष राजेश राजभर अपने कार्यकताओं के साथ पहुंचकर घटना की निंदा करते हुए दोषियों पर कार्रवाई की मांग की। इसके बाद एसडीएम कमलेश सिंह,थानाध्यक्ष सतेन्द्र राय ने पहुंचकर लोगों को समझा- बुझाकर प्रतिमा की मरम्मत कराने का निर्णय लिया। साथ ही शांति व्यवस्था कायम करने लिए अन्य थानों की पुलिस भी तैनात की गई।

भाजपा के प्रदेश उपाध्यक्ष राजेश राजभर ने प्रशासन से वार्ता करते हुए कहा कि जिन अराजकतत्वों ने महाराजा सुहेलदेव राजभर की मूर्ति



को क्षतिग्रस्त करने का काम किया है, ऐसे लोगों के ऊपर सख्त से सख्त कार्रवाई होनी चाहिए और क्षतिग्रस्त महाराजा सुहेलदेव की प्रतिमा को तत्काल प्रभाव से बनवाया जाए। एसडीएम ने तत्काल प्रतिमा की मरम्मत कराने के लिए मिस्त्री मजदूर और जेसीबी मशीन से कार्य तेजी से कराया जा रहा है। मौके पर गुड्डू राजभर, अरविंद राजभर, जयराम राजभर, महेंद्र राजभर, बिट्टू राजभर, राकेश राजभर, राजू राजभर, कैलाश राजभर सहित सैकड़ों लोग उपस्थित रहे।

## पराली जलाने पर पर्यावरण कम्पनसेशन के तहत होगी वसूली

**मऊ ।** उप कृषि निदेशक सत्येंद्र सिंह चौहान ने बताया कि वर्तमान में धान एवं अन्य फसलों की कटाई एवं मड़ाई का कार्य हो रहा है। धान की कटाई कम्बाइन हार्वेस्टर बिना एसएमएस का प्रयोग किया जा रहा है, जिससे फसल अवशेष / पराली को किसान जला दे रहें, जिसके कारण प्रदूषण, खेतो की उर्वराशक्ति में कमी एवं मानव स्वास्थ्य को हानि हो रहा है। पर्यावरण विभाग के आदेश में निहित प्राविधानों के अन्तर्गत पराली जलाने पर 02 एकड़ से कम क्षेत्र के लिए 2500, 02 से 05 एकड़ क्षेत्र के लिए 5000 एवं 05 एकड़ से अधिक क्षेत्र के लिए 15000 तक पर्यावरण कम्पंसेशन की वसूली का निर्देश है। जनपद के किसान भाईयों से अपील है कि पराली न जलायें, जिससे कि विषम परिस्थितियों से बचे रहेंगे। जनपद में बिना एसएमएस के कम्बाईन हार्वेस्टर चलते हुए पाये जायेंगे तो उन्हें सीज करने की कार्रवाई की जायेगी।

## शाकिब हत्याकांड को लेकर सकलडीहा विधायक के नेतृत्व में एसपी से मिला प्रतिनिधिमंडल

**केटी न्यूज/चंदौली**

मुगलसराय के लोको कालोनी में रक्तरंजित युवक के शव मिलने का मामला तूल पकड़ता जा रहा है। सकलडीहा विधायक के नेतृत्व में समाजवादी पार्टी का प्रतिनिधिमंडल बुधवार को एसपी डॉ. अनिल कुमार से मुलाकात की। लोगों ने अलीनगर थानाक्षेत्र में साकिब के हत्या के खुलासे के संबंध में आवाज उठाई। आरोप लगाया कि घटना के पांच दिन बाद भी पुलिस की चार टीमें हवा में तीर मार रही है। चेताया कि जल्द खुलासा नहीं हुआ तो आंदोलन के लिए रणनीति तैयार की जाएगी। वहीं एसपी ने लोगों को आश्वस्त किया कि आरोपियों की गिरफ्तारी और खुलासे के लिए टीम जुटी है।

विदित हो कि अलीनगर थानाक्षेत्र के इस्लामपुर निवासी मु. शाकिब नेहाल का रक्तरंजित शव चार नवंबर को लोको कालोनी के समीप पुराने डाकघर के जर्जर भवन में मिला था। शाकिब के शरीर पर कई जगह चोट के निशान बने हुए थे। पुलिस ने शव को कब्जे में लेने के साथ ही मामले की जांच में जुट गई थी। एसपी डॉ.अनिल कुमार ने चार टीमों को लगाकर हत्या के मामले के खुलासे की जिम्मेदारी दी, लेकिन 5 दिन गुजरने के साथ ही इस ब्लाइंड मर्डर के संबंध में पुलिस के पास



अभी तक कोई सुराग नहीं हैं। सकलडीहा विधायक प्रभुनारायण सिंह यादव ने बताया कि 5 दिन अलीनगर में हुई हत्या की घटना के संबंध में एसपी चन्दौली से मिलकर निष्पक्ष जांच और जल्द खुलासे की मांग की है. जिले में अपराधी बेखौफ है, लगातार घटनाओं को अंजाम दे रहे है. घर के बरामदे में बैठे व्यापारी से लूट हो जा रही है।आएदिन घटनाएं हो रही हैं।शहर के अंदर घटना को अंजाम देकर अपराधी फरार हो जा रहे है, जो पुलिस की कार्यप्रणाली पर सवाल खड़े कर रहे हैं।

इस बाबत एसपी से सकारात्मक रूप से वार्ता हुई है. उन्होंने मामले की निष्पक्षता से जांच कराकर दोषियों को जेल भेजने का आश्वासन दिया है।

### पशुपालन विभाग के विशेष सचिव ने की निराश्रित गोवंश के संरक्षण हेतु कार्य योजना की समीक्षा

# बेहतर कार्ययोजना बना निराश्रित गोवंश को करें संरक्षित: विशेष सचिव

**केटी न्यूज/बलिया**

पशुपालन विभाग के विशेष सचिव व नोडल अधिकारी अमरनाथ उपाध्याय की अध्यक्षता में निराश्रित गोवंश के संरक्षण हेतु समीक्षा बैठक बुधवार को कलेक्ट्रेट सभागार में आयोजित की गई। इस बैठक में छुट्टा पशुओं को पकड़ने के लिए बेहतर कार्ययोजना पर विचार विमर्श किया गया। नोडल अधिकारी ने बताया कि उन्होंने नगर पालिका रसड़ा एवं ब्लॉक दुबहड़ व हनुमानगंज के गो आश्रय स्थल का भ्रमण किया है। उन्होंने कहा कि ग्रामीण अंचल में तो छुट्टा पशु नहीं मिले लेकिन नगरीय क्षेत्रों में रेलवे स्टेशन वाले रोड पर आवारा पशु



दिखे। उन्होंने नगरी क्षेत्रों के नोडल अधिकारी सीआरओ और ग्रामीण क्षेत्रों के नोडल अधिकारी मुख्य विकास अधिकारी को निर्देश दिया कि स्थानीय लोगों के सहयोग व ग्राम प्रधान और कैटल कैचर की मदद से आवारा गोवंशीय पशुओं को गो आश्रय स्थल में संरक्षित कराना सुनिश्चित कराएं।

उन्होंने बताया कि शासन स्तर से लगभग 2000 निराश्रित गोवंशीय पशुओं को आवारा पशुओं के रूप में चिन्हित किया गया है। 1 नवंबर से लेकर 31 दिसंबर तक इन आवारा पशुओं को गो आश्रय स्थलों तक पहुंचना है और वहां पर उनके लिए भूसे, हरे चारे, पानी, उपचार एवं प्रकाश की समुचित व्यवस्था भी सुनिश्चित करना है। उन्होंने कहा कि खेत खलिहानों, बगीचों झुरमुटों और नदियों के किनारे इन पशुओं के पाए जाने की अधिकता है। उन्होंने बीडीओ को निर्देश दिया के ग्राम प्रधान व स्थानीय पशुपालकों के माध्यम से पहले मैसेज देकर इन आवारा पशुओं का चिन्हांकन करके,ग्रामीणों के सहयोग और कैटल कैचर की मदद से पशुओं के पकड़ने की कार्ययोजना बनाने से आपकी सफलता बढ़ जाएगी,और अधिक से अधिक आवारा पशु पकड़े जा सकेंगे, ऐसा मेरा सुझाव है। उन्होंने जिलाधिकारी को निराश्रित गोवंश के संरक्षण लिए किए गए कार्यों के लिए धन्यवाद दिया और कहा कि इस अभियान में थोड़ी और गति देने की जरूरत है।

जिलाधिकारी ने कहा कि नगरीय और ग्रामीण क्षेत्र के लिए नामित नोडल अधिकारी अपने कार्य की गंभीरता समझते हुए नगरीय और ग्रामीण क्षेत्रों में पाए जाने वाले आवारा पशुओं को गो आश्रय स्थलों पर संरक्षित करवाना सुनिश्चित करवाएं ,कहीं भी आवारा पशु नहीं दिखने चाहिए। उन्होंने कहा कि जनपद स्तर पर एक कंट्रोल रूम बनाया जाए जिसमें ब्लॉकवार और नगरीय क्षेत्रवार सूचना इकट्ठा की जाए कि प्रतिदिन कितने आवारा पशु पकड़े जा रहे हैं। उन्होंने विशेष सचिव को ग्रामीण क्षेत्रों की गौशालाओं को सुरभि स्थल आत्मनिर्भर और आदर्श गौशाला के बारे में बताया और कहा कि इन गौशालाओं को आत्मनिर्भर बनाने के लिए चारागाह से संबद्ध किया गया है। जिलाधिकारी ने सभी पशु चिकित्सा अधिकारियों और खंड विकास अधिकारियों को जनपद के आवारा पशुओं के संरक्षित करने के लक्ष्य को पूर्ण करने का निर्देश दिया। बैठक में मुख्य विकास अधिकारी व ओजस्वी राज, सीआरओ त्रिभुवन और मुख्य पशु चिकित्सा अधिकारी महेंद्र प्रताप सिंह सहित सभी ब्लॉकों के खंड विकास अधिकारी मौजूद थे।

## एक नजर

### जखनियां स्टेशन पर चौरी चौरा ट्रेन ठहराव को लेकर मातृभूमि संगठन ने सौंपा ज्ञापन



**गाजीपुर।** जखनियां रेलवे स्टेशन पर चौरीचौरा ट्रेन के ठहराव को लेकर मातृभूमि संगठन ने महाप्रबंधक पूर्वोत्तर रेलवे के नाम ज्ञापन स्टेशन मास्टर विनोद कुमार को सौंपा। मालूम हो कि जखनियां स्टेशन से प्रतिदिन बहुत सारे यात्री यात्रा करते हैं। इस स्थिति में अगर ट्रेन का ठहराव जखनियां स्टेशन पर हो जाए तो यात्रियों को काफी सुविधा एवं सुगमता होगी। ट्रेन के ठहराव से सरकारी राजस्व का भी लाभ होगा। उधर चौरीचौरी गाड़ी संख्या 15003 एवं 15004 पूर्व में इस ट्रेन का ठहराव जखनियां स्टेशन पर हो रहा था, लेकिन किसी कारणवश ठहराव रद हो गया। इस बातों को ध्यान में रखते हुए अगर इस ट्रेन का ठहराव फिर से एक बार शुरू हो जाए तो व्यापारियों सहित क्षेत्र की जनता को काफी लाभ मिलेगा। इसे लेकर मातृभूमि जखनियां संगठन आज अपना ज्ञापन स्टेशन मास्टर जखनियां को सौंपा। इस मौके पर मातृभूमि संगठन जखनियां के अध्यक्ष आरिफ अंसारी, विवेक वर्मा, प्रदीप पटेल, चंद्रिका सिंह, रामजी मिश्रा, शिव प्रकाश पांडेय सहित तमाम लोग उपस्थित रहे।

### वत्तीय साक्षरता व जागरूकता कार्यक्रम में महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाने का संकल्प



**गाजीपुर।** दुल्लहपुर बाजार स्थित स्मार्टपुर में बीसी सखी सहित महिलाओं को आर्थिक आधार पर मजबूत करने के लिए यूबीआई बैंक के तत्वावधान में बैंक के प्रबंधक अशोक यादव ने कहा कि महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाने के लिए सरकार द्वारा अनेक योजनाएं चलाई जा रही है। इसके चलते महिलाओं को समूह बनाकर और ऋण उपलब्ध कराकर आर्थिक आधार पर मजबूत करने का कार्यक्रम चलाया जाता है। साथ ही महिलाओं को जागरुक करते हुए उन्होंने बताया कि आपके पैसे का फायदा नुकसान कहां हो रहा है, इसका भी लेखा-जोखा रखें। सरकार द्वारा सुकन्या समृद्धि योजना 10 वर्ष के नीचे के बच्चियों का खाता खोला जाता है। जिसमें 15 वर्षों तक पैसा जमा करने के बाद 21 वर्ष पूरा होने, चौगुना पैसे का भुगतान किया जाता है। जिससे बच्चियों की शादी पढ़ाई -लिखाई में भी पैसा काम आती हैं। इस मौके पर 25 लोगों का जीरो बैलेंस पर खाता खोला गया और शाखा पर चल रहा है फाइनेंस स्कीम, स्मॉल लोन, प्रधानमंत्री विश्वकर्म योजना के बारे में विस्तार पूर्वक भी लोगों को बताया गया। इस मौके पर रवि कुमार, सरोज कुमार, डिजिटल एंपावरमेंट फाऊंडेशन के प्रबंधक कालीचरण भारती, सुनीता देवी ,यासीन बेगम, रमाशंकर चौहान,इंदु देवी, वंदना श्रीवास्तव, पूजा राजभर सहित अन्य लोग उपस्थित रहे।

### रसोइयों ने जुलूस निकालकर सरकार के खिलाफ फूकां बिगुल, सौंपा ज्ञापन

**चंदौली।** मिड डे मील रसोईया कर्मचारी यूनियन की ओर से बुधवार को मुख्यालय पर रसोइयों ने जुलूस निकालकर सरकार के खिलाफ बिगुल फूंका।इस दौरान शासन और प्रशासन के विरोध में जमकर नारेबाजी की। सदर ब्लॉक से जुलूस निकालकर नारेबाजी करते हुए कलेक्ट पहुंची। साथ ही चेतावनी देते हुए कहा कि अगर हमारी मांगों को पूरा सरकार नहीं करेगी तो अगला आंदोलन उग्र होगा। अंत में मांगों संबंधित ज्ञापन सदर एसडीएम मनोज कुमार पाठक को सौंपा। इस दौरान रसोइयों ने कहा कि अच्छे दिनों को वादा करने वाले भाजपा सरकार मिड डे मील के तहत कार्य करने वाले रसोइयों के साथ सौतेला व्यवहार कर रही है। कहा की चार माह से मंडे नहीं दिया जा रहा है।जिसके चलते हम रसोइयों के सामने भुखमरी की समस्या उत्पन्न हो गई। कहा कि हमारा मानदेय तत्काल 10000 किया जाए,ताकि हम रसोइयों को महंगाई के दौर में कुछ राहत मिल सके। अगर ऐसा नहीं किया गया तो हमारा आंदोलन उग्र होगा इसके लिए सरकार जिम्मेदार होगी। इस दौरान रामप्यारे यादव,नूरजहां,आशा, सोनी, राम नरेश राय, कपिलदेव,शकुंतला देवी उपस्थित रही।

### कानून व्यवस्था दुरुस्त करने के लिए गाजीपुर एसपी ने कई उपनिरीक्षकों का किया तबादला

**गाजीपुर।** पुलिस अधीक्षक ओमवीर सिंह ने कानून व्यवस्था चुस्त-दुरुस्त बनाने के लिए कई निरीक्षक, उप निरीक्षक सहित 46 पुलिसकर्मियों का स्थानांतरण किया है। तबादले पर एक नजर डालें तो निरीक्षक विजय प्रताप सिंह को पुलिस लाइन से प्रभारी चुनाव सेल के पद पर तैनात किया गया है। उप निरीक्षक रणजीत सिंह चौकी प्रभारी हथियाराम बने रहेंगे। उप निरीक्षक रुद्रप्रताप सिंह हथियाराम पठ से चौकी प्रभारी मंजनपुर कला, उप निरीक्षक ज्ञानेश्वर सिंह थाना सुहवल से थाना सैदपुर,उप निरीक्षक रामाश्रय कुशवाहा सैदपुर से थाना सुहवल, उप निरीक्षक धनंजय मिश्रा मुहम्मदाबाद से सैदपुर, उप निरीक्षक राजेंद्र कुमार रत्ना रामपुर माझा से करीमुद्दीनपुर, उप निरीक्षक धर्मदेव चौहान नंदगंज से दिलदारनगर, उप निरीक्षक गुलाबधर पांडेय सैदपुर से सुहवल, उप निरीक्षक आफताब सादात से करंडा, उप निरीक्षक महेश प्रताप सिंह जंगीपुर से मुहम्मदाबाद, उप निरीक्षक रामजी तिवारी जंगीपुर से मुहम्मदाबाद, उप निरीक्षक रामदास तिवारी सादात से दुल्लहपुर, उप निरीक्षक कृष्ण मोहन दुबे बहरियाबाद से गहमर, उप निरीक्षक मनोज कुमार सिंह नंदगंज से सादात, उप निरीक्षक रामानंद सिंह पुलिस लाईन से बहरियाबाद, उप निरीक्षक देवीशंकर यादव पुलिस लाईन से भांवरकोल, उप निरीक्षक चिंतामणि पुलिस लाईन से मरदह, उप निरीक्षक अशोक कुमार सिंह पुलिस लाईन से मुहम्मदाबाद, उप निरीक्षक संतोष कुमार मिश्रा पुलिस लाईन से करंडा, उप निरीक्षक जगदीश प्रताप सिंह पुलिस लाईन से थाना करंडा, उप निरीक्षक राकेश कुमार मिश्रा पुलिस लाईन से कासिमाबाद, उप निरीक्षक गामा लाल पुलिस लाईन से दुल्लहपुर, उप निरीक्षक बालेंद्र कुमार पुलिस लाईन से चौकी प्रभारी रेलवे स्टेशन जमानियां, उप निरीक्षक जगपति मिश्रा पुलिस लाईन से दुल्लहपुर, उप निरीक्षक संतोष कुमार यादव थाना दुल्लहपुर से चौकी प्रभारी भीमापार, उप निरीक्षक श्याम सिंह पुलिस लाईन से चौकी प्रभारी पचरासी थाना नंदगंज, उप निरीक्षक भुपेंद्र कुमार निषाद चौकी प्रभारी रजागंज से चौकी प्रभारी गोराबाजार, उप निरीक्षक विवेक कुमार पाठक चौकी प्रभारी हुरमुजपुर से चौकी प्रभारी रजागंज, उप निरीक्षक रोहित कुमार द्विवेदी थाना बरेसर से चौकी प्रभारी हुरमुजपुर, उप निरीक्षक वासुदेव प्रसाद पुलिस लाइन से चौकी प्रभारी मौधा, उप निरीक्षक शिवाकांत मिश्रा चौकी प्रभारी मौधा से प्रभारी सर्विलांस सेल किया गया है।